Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

वर्ष : 2 ● अंक : 12 ● श्रीगंगानगर, रविवार, 23.03.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692



किक के सिक्वल को लेकर उत्साहित 4

## राजस्थान में खाप पंचायतों पर लगेगी रोक, कमीशन बनाया

❑ हाईकोर्ट ने लिया बड़ा फैसला ❑ जहां फैसले सुनाए, वहां जाएगा कमीशन ❑ दौरा कर तैयार करेगा रिपोर्ट

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सामाजिक बहिष्कार, नाता प्रथा और खाप पंचायतों जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। जस्टिस फरजंद अली की सिंगल बेंच ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पांच सदस्यीय आयोग का गठन किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर इन कुप्रथाओं की जमीनी हकीकत की रिपोर्ट तैयार करेगा। दरअसल, आयोग में चार वरिष्ठ अधिवक्ता और एक सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवश्यक निर्देश जारी करेगा। आयोग को संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों से पूरा सहयोग मिलेगा। बताते चलें कि राजस्थान के पश्चिमी जिलों में खाप पंचायतों द्वारा सामाजिक बहिष्कार, अवैध जुर्माना, जबरन नाता प्रथा और अन्य सामाजिक कुप्रथाएं आम हो गई हैं।





अदालत ने इन मामलों को सख्ती से रोकने के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाने की जरूरत बताई है। जानकारी के मुताबिक यह आयोग खाप पंचायतों के अवैध फरमान, सामाजिक बहिष्कार के मामले और नाता प्रथा जैसी कुप्रथाओं का विस्तृत अध्ययन कर पीड़ित परिवारों और प्रभावित लोगों से बातचीत करेगा। इस दौरान राजस्थान हाईकोर्ट ने विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान के जिलों में सामाजिक बुराइयों के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। जोधपुर ग्रामीण, बाड़मेर, जैसलमेर, जालौर, नागौर और पाली जैसे जिलों में खाप पंचायतों के तानाशाही फरमानों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बता दें, इन जिलों के गांवों में आयोग का दौरा होगा। वहीं, पुलिस स्टेशनों का निरीक्षण कर मामलों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही गांवों के सरपंच, ग्राम सेवक और ब्लॉक विकास अधिकारियों से भी चर्चा होगी। हाईकोर्ट द्वारा गठित पांच सदस्यीय आयोग में चार वरिष्ठ अधिवक्ता और एक सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। इसमें एडवोकेट रामावतार सिंह चौधरी, एडवोकेट भागीरथ राय बिश्नोई, एडवोकेट शोभा प्रभाकर, एडवोकेट देवकीनंदन व्यास और सामाजिक कार्यकर्ता महावीर कांकरिया को शामिल किया गया है। ये सभी सदस्य कोर्ट कमिश्नर के रूप में कार्य करेंगे और अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करेंगे। गौरतलब है कि राजस्थान में सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की लंबे समय से मांग उठ रही थी। क्योंकि नाता प्रथा, सामाजिक बहिष्कार, अवैध पंचायत फरमान और महिलाओं के अधिकारों के हनन जैसी प्रथाएं संविधान के मूलभूत अधिकारों के खिलाफ हैं। इसलिए राजस्थान हाईकोर्ट के इस फैसले की चारों तरफ सराहना हो रही है।

## इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगा: बिल गेट्स

जनमार्ग न्यूज



**मुंबई।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने कहा कि इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगा। गुरुवार को मुंबई में एक इवेंट में बिल गेट्स ने यह बात कही है। इतना ही नहीं उन्होंने भारत के इनोवेशन की तेज गति की भी सराहना की है। बिल गेट्स ने कहा कि 2047 तक देश का विकसित राष्ट्र के रूप में उभरना न केवल भारत को बदल देगा, बल्कि दुनिया पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फैक्ट यह है कि भारत में हेल्थ और एजुकेशन जैसे प्रमुख सेक्टरों को प्राथमिकता दी गई है, इससे बहुत सकारात्मक गतिशीलता पैदा हुई है। भारत के इकोनॉमिक ग्रोथ आउटलुक को आशाजनक बताते हुए गेट्स ने कहा, यह एक बेहतरीन स्थिति है, जब इस बात पर बहस चल रही है कि विकास दर 5 प्रतिशत होगी या 10 प्रतिशत। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि यह 10 प्रतिशत तक पहुंचेगी, लेकिन 5 प्रतिशत से नीचे भी नहीं जाएगी।

## भाजपा विधायक का गोपनीय पत्र लीक, मचा घमासान

❑ डॉ. ज्योति मिर्धा ने जताई नाराजगी ❑ दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** खींवसर विधायक द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे गए गोपनीय पत्र के लीक होने पर भाजपा में हड़कंप मच गया है। इस पत्र में डांगा ने खींवसर में ट्रांसफर-पोस्टिंग में आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल के प्रभाव की शिकायत की थी। पत्र लीक होने पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ज्योति मिर्धा ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। खींवसर से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक रेवंतराम डांगा द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे गए पत्र के सार्वजनिक होने के मामले में भाजपा में आंतरिक घमासान मच गया है। इस घटनाक्रम को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष



और नागौर की पूर्व सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पार्टी के ही किसी नेता द्वारा पत्र को लीक करना बेहद निंदनीय है और इसके लिए जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि रेवंतराम डांगा ने 30 जनवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक गोपनीय पत्र लिखा था, जिसे 4 फरवरी को मुख्यमंत्री कार्यालय में रिसीव किया गया।

## तब्लीगी जमात के 10 लोग नेपाल डिपोर्ट

**दौसा (जनमार्ग न्यूज)।** राजस्थान की दौसा पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल नेपाल के 10 लोगों को उनके देश डिपोर्ट किया है। पुलिस ने सभी लोगों को हिरासत में लेकर शुक्रवार देर रात उन्हें भारत-नेपाल बॉर्डर के लिए रवाना किया, जहां से उनको नेपाल भेजा जाएगा। डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने बताया- ये सभी लोग तब्लीगी जमात के हैं, जो धार्मिक गतिविधियों के सिलसिले में 4 मार्च को नेपाल से भारत आए थे, लेकिन यहां पर देश विरोधी गतिविधियां करने लगे। 5 पुरुष पापदा थाना क्षेत्र की मस्जिद में रह रहे थे, जबकि 5 महिलाएं दौसा शहर में अलग-अलग घरों में रुकी हुई थीं। इन लोगों के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की सूचना मिली तो अलग-अलग टीमों का गठन कर जांच की गई।

## डंपर में घुसी फॉर्च्यूनर, ड्राइवर का सिर फटा, मौत

● सातों एयरबैग खुले, गाड़ी की छत भी उखड़ी

● अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा

जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ब्रेकर पर डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में एसयूवी सवार का सिर बिखर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। फॉर्च्यूनर में लगे सारे सातों एयरबैग खुल गए और पूरी छत की उखड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी को पहचानना ही मुश्किल था। हादसे के बाद डंपर ड्राइवर फरार हो गया। हादसा अलवर के राजगढ़ इलाके में अलवर-राजगढ़ रोड पर बावड़ी तिराहे का शुक्रवार देर रात डेढ़ बजे हुआ। नारायणपुर पुलिस चौकी के



हेड कॉन्स्टेबल रमेश चंद मीना ने बताया कि हादसे में खेमराज (30) निवासी पातरखेड़ा दौसा की मौत हो गई। वह अलवर में प्रॉपर्टी डीलर ओमप्रकाश मीणा निवासी रूपबास के यहां काम करता था। हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि खेमराज रात को अलवर से पातरखेड़ा जाने के लिए निकला था। खेमराज के 2 बच्चे हैं। राजगढ़ सीएचसी के डॉ. जितेंद्र मीना ने बताया कि युवक का सिर बिखर गया था। स्थिति इतनी भयावह थी कि देखा तक नहीं गया। पुलिस के अनुसार, एक्सीडेंट का कारण यहां बना ब्रेकर है। ठीक इसी जगह पर 1 महीने पहले जयपुर मुख्यालय ड्यूटी जा रहे सब इंस्पेक्टर (एसआई) की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई थी।

## शातिर ठगों बैंक खाता उपलब्ध करवाने के दो शातिर गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ऑनलाइन ठगी करने वाले अपराधियों को भोले-भाले लोगों के बैंक अकाउंट उपलब्ध करवाने के आरोपी शातिर रोहित गोयल सहित दो व्यक्तियों को पुरानी आबादी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत 29 जनवरी को रमेश भाट निवासी चक 3-बी की ओर से पुरानी आबादी थाना में दर्ज मुकदमे की जांच कर रहे हवलदार कमलेश कुमार ने बताया कि पुरानी आबादी में रिद्धि सिद्धि कॉलोनी-8 के गेट के पास रहने वाले एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ वीरेंद्रसिंह को कल शाम गिरफ्तार किया गया जबकि बेहद शातिर रोहित गोयल को प्रोडक्शन वारंट पर जयपुर जेल से लाया गया है। दोनों आरोपी 24 मार्च तक पुलिस रिमांड पर हैं। रोहित गोयल स्थानीय पूजा कॉलोनी का निवासी है। पहले वह हनुमानगढ़ रोड रिद्धि सिद्धि कॉलोनी में रहताथा। उसके विरुद्ध कोटा,जयपुर और लुधियाना में धोखाधड़ी तथा जालसाजी के मुकदमे दर्ज हैं। उसे कुछ अरसा पहले कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## वनरक्षक पेपर लीक मामले में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गिरफ्तार

● सात कैंडीडेट्स से लिए थे 42 लाख रुपए

जनमार्ग न्यूज

**बाड़मेर।** राजस्थान में वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बड़ी कार्रवाई की है। एसओजी ने कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद के साथ पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रहे नरेश देव सहारण को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में चौकानें वाले खुलासे किए है। पूछताछ में सामने आया कि कैंडीडेट्स से 6-6 लाख रुपए की राशि लेकर कुल 7 कैंडीडेट्स से 42 लाख रुपए लिए गए। जानकारी के अनुसार, एसओजी ने 12 मार्च को कंवराराम जाट निवासी बाड़मेर को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में सामने आया कि नरेश देव सहारण उर्फ एनडी सहारण वांटेड आरोपी जबराराम



जाट के संपर्क में था। एनडी सहारण ने वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020 की 13 नवंबर 2022 का सॉल्वड पेपर, परीक्षा से पहले पढ़ने के लिए अपनी सफेद रंग की इनोवा कार से 7 कैंडिडेट व पेपर हैंडलर को अपने ड्राइवर के साथ बाड़मेर से प्राइवेट बस स्टैंड उदयपुर भेजा था। वहां से आरोपी कंवाराराम वांटेड आरोपी जबराराम जाट के कहने पर आरोपी सांवलाराम जाट के उदयपुर स्थित किराए के मकान पर ले गया। 13 नवंबर को सभी कैंडिडेट्स को उनकी पारी के अनुसार वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020 का सॉल्वड पेपर, जबराराम जाट ने कंवराराम को सुपुर्द कर दिया।

## महीने का बच्चा जिंदा जला

**बाली।** पाली में झोपड़ी में लगी आग में 5 महीने के मासूम की जिंदा जलने से मौत हो गई। हादसे के समय मासूम के माता-पिता खेत में काम करने गए हुए थे। हादसा शनिवार दोपहर 1 बजे बाली के नाना थाना क्षेत्र में हुई। पिंटाराम गरासिया ने बताया कि खेत और घर के बीच में पहाड़ी है। रोज की तरह आज भी 5 महीने के मनोज को पांच साल के बेटे रुद्राक्ष के पास झोपड़ी में छोड़ कर गए थे।

## हरियाणा के माटी कला बोर्ड चेयरमैन की मौत



● ट्रक से टकराई कार, खुद ड्राइविंग कर रहे थे

जनमार्ग न्यूज

**हिसार।** हरियाणा में माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल की सड़क हादसे में मौत हो गई है। हादसा शनिवार को दोपहर बाद करीब 3 बजे रोहतक के लाखनमाजरा में हुआ। गोहाना-महम रोड पर गांव बैसी के पास पेट्रोल पंप के समीप उनका एक्सीडेंट हुआ। वह गोहाना से महम की तरफ आ रहे थे। ईश्वर गाड़ी में अकेले थे। बताया जा रहा है सामने से आ रहे ट्रक से ईश्वर मालवाल की कार टकराई। हादसा इतना भयानक था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि अभी स्पष्ट नहीं है कि हादसा किन कारणों से हुआ। ईश्वर मालवाल के शव को रोहतक पीजीआई में रखवाया गया है। बीजेपी के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष तरूण जैन ने बताया कि उनकी ईश्वर मालवाल से दोपहर 11 बजे बात हुई थी। वह उस समय भिवानी में थे। इसके बाद वह लाखनमाजरा वाले रूट पर कैसे पहुंचे इसकी जानकारी उनको नहीं है। उन्होंने बताया कि ईश्वर मालवाल का भिवानी के तोशाम स्थित खानक में स्कूल है।

## महिला आरएएस अधिकारी ने एईएन के खिलाफ किया रेप केस

● एईएन ने 2024 में अधिकारी के खिलाफ हनी ट्रैप का दर्ज कराया था मामला

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** सवाई माधोपुर जिले में एक महिला आरएएस अधिकारी ने पीडब्लयूडी विभाग के एक एईएन के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया है। वहीं एईएन की ओर से नवंबर 2024 में महिला अधिकारी के खिलाफ हनी ट्रैप का मामला दर्ज कराया था। सीओ प्रेम बहादुर सिंह ने बताया कि महिला अधिकारी ने 20 मार्च को एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसकी जांच उन्हें सौंपी गई है। महिला अधिकारी ने एईएन और उसके भाई के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया है। फिलहाल केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। सीओ प्रेम बहादुर सिंह ने बताया कि महिला अधिकारी के खिलाफ नवंबर 2024 में मामला दर्ज हुआ था। महिला अधिकारी और एईएन सर्विस के दौरान एक ही शहर में तैनात थे, जहां दोनों की जान-



काल्पनिक चित्र

पहचान हो गई। आरोप है कि इस दौरान एक दिन महिला अधिकारी ने एईएन को घर पर मिलने बुलाया। जहां महिला अधिकारी ने अपने प्रेमी इकबाल खान उर्फ कालू को जेल से छुड़वाने के लिए पैसे की जरूरत बताई। जिस पर महिला अधिकारी ने एईएन से 5 लाख रुपए लिए। सीओ प्रेम बहादुर सिंह ने बताया कि आरोप है कि इसके बाद एईएन को ब्लैकमेल करने लगी और 15 लाख की डिमांड की। इससे परेशान होकर एईएन ने महिला अधिकारी, उसके प्रेमी इकबाल उर्फ कालू समेत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और पुलिस महिला अधिकारी तक पहुंची तो महिला अधिकारी ने भी एईएन के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करा दिया। सीओ प्रेम बहादुर सिंह ने बताया कि महिला अधिकारी ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी एईएन ने नवंबर 2022 में एक किराए के मकान में उसके साथ रेप किया। 26 फरवरी 2023 से 2 मार्च 2023 तक एक डाक बंगले में अपने दोस्त अरमान खान को बुलाकर डराकर धमकाकर रेप किया। 30 मई 2023 को महिला अधिकारी के बर्थ-डे पर 2 अलग-अलग होटलों में रेप किया। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी ने रिपोर्ट में बताया कि 15 अगस्त 2023 में एक होटल में अबॉर्शन की टैबलेट दी, जिससे उसे काफी पीड़ा हुई। आरोपी ने एक हॉस्पिटल में ले जाकर अबॉर्शन कराया, जहां अपना नाम गलत दर्ज कराया। 13 अक्टूबर 2023 को एक होटल में, 31 अक्टूबर को एक गांव में जबरन फिजिकल रिलेशन बनाए।

## पिता ने 3 साल के बेटे का गला काटा, मौत

जनमार्ग न्यूज

**पुणे।** पुणे में पिता ने अपने साढ़े तीन के बेटे का गला रेत दिया। सका शव जंगल में फेंक दिया। बाद में एक लॉज में नशे की हालत में मिला। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। बच्चे का शव चंदन नगर इलाके के जंगल से बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम माधव टिकेती (38) है। उसे शक था कि उसकी पत्नी स्वरूपा का किसी से अवैध संबंध है। मूल रूप से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के रहने वाले माधव का 20 मार्च को पत्नी से झगड़ा हुआ था। वो छोटे बेटे हिम्मत को साथ लेकर घर से निकल गया था। पुलिस के मुताबिक माधव बेटे को पहले बार में पहुंचा। इसके बाद दोपहर करीब 12.30 बजे वहां निकला। वहां से वह एक सुपरमार्केट गया और बाद में चंदन नगर के पास के जंगल में गया।

सम्पादकीय

## फिर लगाई फटकार

बाहरी खानपान की गुणवत्ता और कीमतों में मनमानी पर कुछ हद तक रोक तो लगी, स्वच्छता और साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाने लगा, मगर फिर वही शिकायतें मिलनी शुरू हो गईं। संसद की एक समिति ने इसे लेकर रेलवे की खिंचाई की है। तमाम दावों और मंसूबों के बावजूद भारतीय रेल में विभिन्न सेवाओं से संबंधित शिकायतों का सिलसिला खत्म ही नहीं होता। रेलगाड़ियों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और शुद्धता को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिलती रही हैं। उन्हें दूर करने के मकसद से भारतील रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आइआरसीटीसी का गठन किया गया। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर रसोई बनाई गईं, वहां तैयार होने वाले खानपान के निरीक्षण का तंत्र विकसित किया गया। इससे बाहरी खानपान की गुणवत्ता और कीमतों में मनमानी पर कुछ हद तक रोक तो लगी, स्वच्छता और साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाने लगा, मगर फिर वही शिकायतें मिलनी शुरू हो गईं। संसद की एक समिति ने इसे लेकर रेलवे की खिंचाई की है। समिति का कहना है कि खानपान संबंधी नीतियों में बार-बार बदलाव की वजह से भी यह गड़बड़ी हो रही है। संसदीय समिति ने इस बात के लिए भी रेलवे पर नाराजगी जाहिर की कि उसके पहले के सुझावों पर अमल क्यों नहीं किया गया। समिति ने रेलवे से जवाब मांगा है कि जिन पंद्रह खानपान इकाइयों को अपडेट करने को कहा गया था, वह क्यों नहीं हुआ। आइआरसीटीसी को छह हरित रसोई भी बनानी थी, मगर उस दिशा में काम नहीं हो सका। दरअसल, 2005 के बाद से अब तक तीन बार रेलवे खानपान संबंधी नीतियों में बदलाव किया जा चुका है। 2010 में यह काम क्षेत्रीय रेलवे को सौंप दिया गया था, फिर 2017 में इसे आइआरटीसी को दे दिया गया। इस तरह नीतिगत गड़बड़ियों के चलते भी रेल खानपान सेवा को लेकर एक प्रकार की अनिश्चितता बनी रही और गुणवत्ता से समझौता होता रहा। 2017 में नई खानपान नीति बनी और उसकी समीक्षा के लिए संसदीय समिति गठित की गई, तब उसने कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए थे। मगर समिति की ताजा रपट से जाहिर है कि पिछले सात वर्षों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाए जा सके हैं। दरअसल, अभी तक रेलों में परोसा जाने वाला भोजन बाहर की रसोई में तैयार होकर पहुंचाया जाता है।

# बढ़ती घरेलू मांग से आर्थिक उन्नति

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

हाल ही में 19 मार्च को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रेटबार्ट न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि यद्यपि भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत शायद उन शुल्क को काफी कम करने जा रहा है। फिर भी 2 अप्रैल से हम भारत से वही शुल्क वसूलेंगे जो भारत हमसे वसूलता है। ऐसे में विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि एक ओर जब राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों को टैरिफ चक्रव्यूह में लेते जा रहे हैं और दुनिया में वैश्विक मंदी की आशंका है, तब भारत की बढ़ती मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए नई आर्थिक शक्ति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' के स्तर पर रखा है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग अन्य देशों की तुलना में मजबूत ग्रोथ और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शा रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पिछले साल के बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद मिली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। साथ ही अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यहां पर हाल ही में प्रकाशित वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इसमें कहा गया है कि भारत घरेलू मांग की ताकत पर 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ ही भारत साल 2026 तक अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और साल 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचकर जर्मनी से भी आगे निकल जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर



102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है।

निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपने दिखाई दे रहे, उनके कारण जहां दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है।

नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हैं। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी है।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी।

निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारत की बढ़ती हुई मजबूत घरेलू मांग भारत की नई आर्थिक शक्ति है। ऐसे में भारत घरेलू बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमेरिका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। साथ ही मजबूत घरेलू बाजार की रणनीति देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में भी मील का पत्थर बनते हुई दिखाई देगी।

## हिंदी में लिखते थे भगत सिंह

शहीदे ए आजम भगत सिंह की मातृभाषा पंजाबी थी। वे पंजाबी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और संस्कृत सही से लिख-पढ़ लेते थे। पर उन्होंने अपने विचारों को दूर तक लेकर जाने की गरज से हिंदी में लिखना शुरू किया। हिंदी में उनका पहला महत्त्वपूर्ण निबंध संभवतः 'पंजाब में भाषा और लिपि की समस्या' विषय पर 1924 में लिख दिया गया था। वे तब 17 साल के थे। यह 28 फरवरी, 1933 के 'हिन्दी संदेश' में प्रकाशित हुआ था। भगत सिंह ने इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं गहराई से विश्लेषण किया था। भगत सिंह भाषा को जन चेतना और प्रगति का एक महत्त्वपूर्ण हथियार मानते थे। वे अपने गृह प्रदेश पंजाब में भाषा को लेकर चल रहे विवाद से परेशान थे। उस समय, पंजाब में मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं का प्रयोग होता था और प्रत्येक भाषा को बोलने वाले अपने-अपने दावों और हितों के साथ खड़े थे। उन्होंने इस बारे में सवाल खड़ा किया था- "... हमारे प्रांत का दुर्भाग्य रहा कि यहां भाषा को मजहबी रंग दे दिया गया।" भगत सिंह का जन्म 1907 के उस पंजाब में हुआ था, जहां पंजाबी और उर्दू का वर्चस्व था। हालांकि, हिंदी भी व्यापक रूप से समझी और उपयोग की जाती थी। हिंदू परिवारों में हिंदी पढ़ने-लिखने की परंपरा थी। उस दौर के पंजाब में आर्य समाज और सनातन धर्म हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। भगत सिंह का परिवार आर्य समाजी था। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर और 'भगत सिंह- रीविजिटेड' किताब के लेखक डॉ. चंद्रपाल सिंह कहते हैं कि भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह ने आर्य समाज से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वे दयानंद सरस्वती के भी करीबी थे। उनके परिवार में तब ही से हिंदी पढ़ी-लिखी जा रही थी।

दरअसल भगत सिंह जैसे-जैसे क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हुए, उन्होंने समझ लिया कि वे हिंदी में लिखकर देश के आमजन तक पहुंचने में सफल रहेंगे। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) का हिस्सा बनने से भारत के विभिन्न हिस्सों के क्रांतिकारियों के संपर्क में आए, जिनमें से अधिकतर हिंदी भाषी थे। इस लिहाज से महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम लेना होगा। भगत सिंह के मन में चंद्रशेखर आजाद के प्रति गहरे सम्मान का भाव था। भगत सिंह मुख्य रूप से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कलम चलाते थे। उन्होंने कई हिंदी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखा। भगत सिंह ने 'बलवंत सिंह, 'रणजीत' और 'विद्रोही' सहित कई छद्म नामों से लिखा। यह गिरफ्तारी से बचने के लिए एक आम बात थी। छद्म नाम से लिखने का एक बड़ा नुकसान ये हुआ कि उनके लेखों का कायदे से संकलन नहीं हुआ। भगत सिंह 1925 में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अखबार 'प्रताप' में नौकरी करने कानपुर गए थे। पीलखाना में प्रताप की प्रेस थी। वे उसके पास ही रहते थे। कहना ना होगा कि कानपुर में रहते हुए वे हिंदी को बेहतर तरीके से लिखने लगे होंगे। आखिर कानपुर हिंदी का गढ़ रहा है। भगत सिंह के अधिकांश प्रारंभिक लेखन अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संघर्षों पर हैं। चाँद पत्रिका ने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर एक विशेष अंक निकाला जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था और भगत सिंह ने इसमें योगदान दिया था। उन्होंने उन बुनियादी मूल्यों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक लिखा जिन्हें वे स्वतंत्रता, समानता, न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव प्राप्त करने के लिए फैलाना चाहते थे। भगत सिंह के लेखन का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर, विशेष रूप से युवाओं पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। उनके जोशीले और स्पष्ट तर्कों ने कई लोगों को स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके स्पष्ट हिंदी लेखन से उनके पाठकों की तादाद बढ़ती गई। हालांकि वे पारंपरिक अर्थों में पत्रकार नहीं थे, लेकिन हिंदी पत्रकारिता में उनका योगदान महत्वपूर्ण था और इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा को आकार देने में मदद की। यह आश्चर्यजनक और प्रेरणादायक है कि भगत सिंह ने यह सब इतनी कम उम्र में लिखा और वह भी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और आयोजक के रूप में अपनी अन्य सभी गतिविधियों के बीच। यह केवल बेहद कड़ी मेहनत के कारण संभव था जो प्रतिबद्धता के बहुत उच्च स्तर से प्रेरित था, साथ ही जो कुछ भी थोड़े अवसर मौजूद थे, उनका बहुत रचनात्मक उपयोग था। एक बात और, भगत सिंह ने अपने विचारों को फैलाने और लोगों को आंदोलनों में शामिल करने के लिए हिंदी में पर्चे और घोषणाएं भी जारी कीं। ये पर्चे सार्वजनिक स्थानों पर बांटे जाते थे और लोगों को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करते थे। भगत सिंह ने अदालत में भी हिंदी का प्रयोग किया। उनका मानना था कि हिंदी आम लोगों की भाषा है और इसके माध्यम से वे अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं।

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मो की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

# प्रेग्नेंसी में शुगर बढ़ना बच्चे के लिए खतरनाक

**क्या** आपको पता है कि अगर प्रेग्नेंसी के दौरान आपको डायबिटीज होती है तो आगे चलकर आपके बच्चे को मोटापे का खतरा 52 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। ये आंकड़ा साइंटिफिक जर्नल पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस में पब्लिश एक स्टडी में सामने आया है। वहीं नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, इन बच्चों को भविष्य में टाइप-2 डायबिटीज का खतरा 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली डायबिटीज को जेस्टेशनल डायबिटीज कहते हैं। अगर आप पहले कभी डायबिटिक नहीं थीं और सिर्फ प्रेग्नेंसी के समय ही आपका ब्लड शुगर लेवल बढ़ा तो भी अब आपके बच्चे को इस बीमारी का रिस्क दूसरे बच्चों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। क्या प्रेग्नेंसी के दौरान डायबिटीज होने पर डॉक्टर ने ये बात आपको बताई थी? बहुत संभव है कि उन्होंने कहा होगा कि प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लड शुगर लेवल या ब्लड प्रेशर बढ़ना आम है। यह डिलीवरी के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाता है। उन्होंने ये नहीं बताया होगा कि यह कंडीशन आपके बच्चे को भविष्य में बीमार कर सकती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूरी दुनिया में 14.7 प्रतिशत महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान डायबिटीज यानी जेस्टेशनल डायबिटीज होती है। जबकि भारत में हर साल लगभग 50 लाख महिलाओं को जेस्टेशनल डायबिटीज होती है। मां का ब्लड शुगर लेवल बढ़ने से बच्चे को गर्भ में जरूरत से ज्यादा शुगर मिलती है। इससे उनका शरीर इसे जन्म से पहले ही स्टोर करना सीख जाता है। इसका सीधा असर बच्चे के दिमाग, मेटाबॉलिज्म और वजन पर पड़ता है। यही कारण है कि भविष्य में इन बच्चों को मोटापा और दूसरी लाइफस्टाइल, डिजीज अन्य बच्चों के मुकाबले ज्यादा होती हैं। जेस्टेशनल डायबिटीज के कारण मां का ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है। यह प्लेसेंटा यानी गर्भ में बच्चे को भोजन पहुंचाने वाली नली के जरिए बच्चे तक भी पहुंचता है। इसे प्रोसेस करने के लिए बच्चे का पैंक्रियाज ज्यादा इंसुलिन बनाना शुरू कर देता है। इससे उसका मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है और आगे चलकर टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम भी बढ़ जाता है। अगर मां को जेस्टेशनल डायबिटीज की शिकायत थी तो ये मानकर चलिए कि बच्चे को दूसरे बच्चों के मुकाबले भविष्य में मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम कहीं ज्यादा है। इसलिए सबसे पहली जिम्मेदारी मां की है कि अपने बच्चों को ऐसी डाइट, लाइफस्टाइल और रुटीन सिखाएं, जिससे उनके स्वस्थ रहने के चांस बढ़ें। प्रेग्नेंसी के दौरान जेस्टेशनल डायबिटीज की मुख्य वजह हॉर्मोनल बदलाव है। इसलिए इससे बचना मुश्किल होता



है, लेकिन कंसीव करने के पहले से प्लानिंग शुरू की जाए तो इसका जोखिम कम किया जा सकता है। प्रेग्नेंसी के लगभग 6 महीने पहले ब्लड शुगर लेवल चेक करें। अपना टेस्ट कराएं और सुनिश्चित करें कि यह बिल्कुल नॉर्मल हो। मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन भी जरूर टेस्ट कराएं और यह सुनिश्चित करें कि मॉर्निंग इंसुलिन का लेवल सामान्य हो। अगर ब्लड शुगर लेवल सामान्य है, लेकिन इंसुलिन बढ़ा हुआ है तो जेस्टेशनल डायबिटीज के चांस बढ़ जाएंगे। फास्टिंग इंसुलिन का लेवल शरीर में 5-15 यूयू/एमएल के बीच होना चाहिए। फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल 100 से कम होना चाहिए। नाश्ते के लगभग 2 घंटे बाद ब्लड शुगर लेवल चेक करें। प्री-डायबिटीज का पता लगाने के लिए इंसुलिन लेवल ही मापना चाहिए। असल में शरीर कई बार ज्यादा इंसुलिन रिलीज करके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर लेता है। इसलिए जांच में शुगर सामान्य दिखता है, जबकि की समस्या शुरुआत हो चुकी होती है। इससे बचने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज करें। भोजन में ज्यादा-से-ज्यादा फल-सब्जियां शामिल करें। कुछ भी तला-भुना न खाएं। रोज 8 घंटे की नींद लें। स्ट्रेस मैनेज करें। वेट कंट्रोल में रखें। प्रेग्नेंसी के दौरान शारीरिक श्रम करते रहें। अगर प्रेग्नेंसी से पहले लगातार ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में है तो जेस्टेशनल डायबिटीज का जोखिम अपेक्षाकृत कम हो जाता है। प्रेग्नेंसी के दौरान हॉर्मोनल बदलाव के कारण शरीर इंसुलिन को सही से इस्तेमाल नहीं कर पाता, जिससे ब्लड शुगर बढ़ जाता है। यह समस्या खासकर उन महिलाओं को ज्यादा होती है। पहले से ओवरवेट हैं। परिवार में डायबिटिक हिस्ट्री है। इससे पहले प्रेग्नेंसी में बच्चा ओवरवेट था। पहले भी जेस्टेशनल डायबिटीज हो चुकी है। बार-बार प्यास लगती है। बार-बार पेशाब लगती है। बिना मेहनत किए थकान महसूस होती है। आंखों में धुंधला दिखाई देता है। बार-बार यूरिन और स्किन इन्फेक्शन होता है। पहले खाली पेट ब्लड शुगर लेवल चेक किया जाता है। ब्रेकफास्ट के 2 घंटे बाद फिर से ब्लड शुगर मापा जाता है। अगर शुगर लेवल ज्यादा होता है तो जेस्टेशनल डायबिटीज डाइग्नोस की जाती है। कई ब्लड शुगर लेवल सामान्य से ज्यादा होता है, पर इतना नहीं होता है कि इसे डायबिटीज कहा जा सके। ऐसे मामले में भी बच्चों को भविष्य में मोटापे और टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम दूसरे बच्चों की अपेक्षा ज्यादा होता है। हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट लें- मीठे और तले-भुने खाने से बचें।

# डीआईजी गौरव यादव ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन

## 25 मार्च को आयोजित होने वाले शिविर में राजस्थान उत्तराखंड सभा सहयोगी संस्था रहेगी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा, श्रीगंगानगर द्वारा 25 मार्च, मंगलवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक एसएसबी रोड स्थित एंबीशन पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले विशाल निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर के पोस्टर का विमोचन डीआईजी गौरव यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल एडवोकेट, सदस्य श्वेता सिंगल, राजस्थान उत्तराखंड सभा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. भुवनेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक व उत्तराखंड सभा के प्रदेश प्रचार-प्रसार सचिव एडवोकेट सुमेश शर्मा, राजस्थान उत्तराखंड सभा श्रीगंगानगर इकाई अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सकलानी, एडवोकेट देवेंद्र कुमार, कुंदन लाल जोशी, सरिता, एडवोकेट तनुजा आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष मोनिका



अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि राजस्थान उत्तराखंड सभा के सहयोग से आयोजित होने वाले इस विशाल निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर में बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश जाखड़, स्पीच थेरेपिस्ट लक्ष्मी बदरा, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नवदीप कथूरिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित सचदेवा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रणजीत बेनीवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश स्वामी, एक्यूप्रेशर चिकित्सक मुकेश पाठक, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ नेहा चौधरी, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विक्रम शर्मा तथा सुरेंद्रा डेंटल हॉस्पिटल की टीम द्वारा दंत चिकित्सा सम्बन्धी सेवाएं दी जाएगी। चिकित्सा शिविर में जनसेवा हॉस्पिटल का भी सहयोग रहेगा। इसके साथ-साथ निशुल्क लिपिड प्रोफाइल चार साहिबजादे चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से तथा शुगर जांच आयुष गुप्ता द्वारा की जायेगी। मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा द्वारा समस्त शहरवासियों से 25 मार्च, मंगलवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक एसएसबी रोड स्थित एंबीशन पब्लिक स्कूल में आयोजित विशाल निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया है।

## पुलिस कॉन्स्टेबल को 8 साल की कैद

जनमार्ग न्यूज

**नूंह।** जिले के एक स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में अश्लील फोटो शेयर करने के केस में पुलिस के हवलदार को कोर्ट ने 8 साल कैद की सजा सुनाई है। उस पर 13 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर हवलदार को 4 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दो साल पुराने मामले में यह फैसला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरू कंबोज की कोर्ट ने सुनाया। मामला जनवरी 2022 का है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में नूंह जिले के एक स्कूल के पेरेंट्स के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था। इसमें हरियाणा पुलिस का हवलदार आशिक अली भी शामिल था। हवलदार ने ग्रुप में अश्लील फोटो भेज दी। आशिक अली के बच्चे इस स्कूल में पढ़ते थे। इस कारण वह पेरेंट्स ग्रुप में जुड़ा था। इसी दिन आरोपी ने ऑनलाइन क्लास में जुड़ने की रिक्वेस्ट भेजी तो क्लास टीचर ने उसके बच्चे की रिक्वेस्ट समझकर उसे क्लास में जोड़ लिया। क्लास से जुड़ते ही हवलदार नग्न अवस्था में अश्लील हरकतें करने लगा। उस समय क्लास के सभी बच्चों ने उसकी अश्लील हरकत देखी और अपने पेरेंट्स को इसकी सूचना दी। हवलदार की हरकत की जानकारी दूसरे बच्चों के पेरेंट्स को पता चला तो हंगामा हो गया। मामला पहले स्कूल प्रबंधन और बाद में पुलिस तक पहुंचा।

# हिंदू युवाओं में सेवा , सुरक्षा और संस्कार के लक्ष्य को लेकर 3 दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** हनुमान खेजड़ी मंदिर में प्रारंभ हुआ, सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बजरंगदल प्रांत गौरक्षा प्रमुख, इंद्रजीत जी नंदीवाल तथा प्रांत सहविधि प्रमुख विहिप, प्रताप जी शेखावत का उद्बोधन प्राप्त हुआ । कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्री नरेंद्र राठी , हनुमान खेजड़ी मंदिर समिति के अध्यक्ष रहे। इंद्रजीत जी नंदीवाल ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की स्थापना के संक्षिप्त इतिहास के बारे में बताते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन के समय बजरंगदल कार्यकर्ताओं के शौर्य और बलिदान का वर्णन किया साथ ही बताया कि किस प्रकार आने वाले समय में देश को अस्थिर करने वाली शक्तियों से लोहा लेने के लिए बजरंगदल के युवाओं को सुसंस्कार और सुरक्षा का संदेश लेकर जन जन तक जाना होगा । हिंदू समाज आज अनेक संकटों जैसे धर्मांतरण , लवजिहाद , वक्फ बोर्ड आदि द्वारा लैंड जिहाद आदि से घिरा है और सुसंगठित सशक्त बजरंगदल कार्यकर्ता ही ऐसे संकटों से भारतवर्ष की रक्षा करने में समर्थ है ।

प्रताप शेखावत ने बताया कि हनुमान जी का पूरा शरीर जिस प्रकार वज्र से बना है उसी प्रकार बजरंगदल के प्रत्येक कार्यकर्ता का हौसला वज्र के समान अडिग रहना चाहिए इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रत्येक युवा कार्यकर्ता को पूरे में लगाकर शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षणों को पूर्ण रूप से आत्मसात करना होगा , तभी समाज में जाकर बजरंगदल का कार्यकर्ता हिंदू समाज को संगठित और सुरक्षित रखने का कार्य कर सकेगा । उन्होंने बजरंगदल द्वारा वर्ष भर चलाए जाने वाले रक्तदान शिविर , मंदिरों की साफ सफाई , गौ सेवा, नि:शुल्क संस्कार केंद्र और व्यामशाला आदि सेवा कार्यों के बारे में भी बताया। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री भूपेश वैष्णव ने प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा के बारे में अवगत करवाया । उद्घाटन सत्र में मंच संचालन बजरंगदल श्री गंगानगर के जिला संयोजक अरविंद स्वामी में किया । कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद , सूरतगढ़ जिला अध्यक्ष सीताराम , जिला मंत्री कृष्ण राव , जिला सहमंत्री शंकर परिहार , जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नागर, जिला कोषाध्यक्ष आसकारण सोनी , जिला सत्संग प्रमुख बलदेव तनेजा , बजरंगदल जिला संयोजक सूरतगढ़ सत्यनारायण , बजरंगदल जिला संयोजक श्री गंगानगर अरविंद स्वामी , सहसंयोजक हितेंद्र शर्मा आदि अनेक अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आज

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** जिला हॉकी संघ श्रीगंगानगर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर पुरूष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को रायसिंहनगर में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता से चुनी गई टीम 24-26 मार्च तक एसएमएस स्टेडियम जयपुर के एस्ट्रो ट्रफ में आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिला हॉकी संघ के सचिव देवेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सुबह से मैच खेले जाएंगें। शाम को 4 बजे फाइनल मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर जिले का नेतृत्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के रहने, खाने की व्यवस्था आयोजक सचिव कपिल शर्मा की ओर से किया गया है।

# जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनमगरिया में नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय ‘‘जलवायु परिवर्तन’’ था। इसमें रणीजीतपुरा और मोहनमगरिया ग्राम पंचायत के तीन सरकारी और दो निजी विद्यालयों के लगभग 60 ईको क्लब सदस्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अशोक नैण ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार, सरपंच ग्राम पंचायत मोहनमगरिया रहे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता ईको क्लब प्रभारी श्री धनराज लोहिया ने जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों और उससे निपटने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को जलवायु संतुलन बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण, जल संरक्षण, और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान श्री अर्जुन सिंह और श्रीमती शिवानी असीजा के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आकर्षक पोस्टर बनाकर जलवायु संकट के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यशाला में विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ कई गणमान्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे, जिनमें श्री श्रवण कुमार शर्मा, श्री पवन गोदारा, श्री गोपाल राम, श्री ओमप्रकाश डाल, श्री साहब राम, श्री संदीप कुमार, श्री जगदीश जांगिड़, और श्री गौरखचंद शामिल थे। सभी ने इस आयोजन की सराहना की और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



## गुजराती सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने की आत्महत्या

जनमार्ग न्यूज

**आणंद।** गुजरात की उभरती मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सुथार ने सुसाइड कर लिया। उनका शव लांभावेल के पास नहर से बरामद किया गया है। वडताल पुलिस ने फिलहाल आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर द है। नहर के पास से ही उनकी कार भी मिली है। इसलिए आशंका है कि उन्होंने नहर में कूदकर आत्महत्या की। रिद्धि सुथार ने बोरियावी नगर पालिका के बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष रुशिल पटेल से 4 साल पहले लव मैरिज की थी। दोनों का डेढ़ साल का बेटा भी है। पुलिस उनके पति रुशिल पटेल से भी पूछताछ कर रही है। इसके साथ यह भी जांच रही है कि क्या रिद्धि ने कोई सुसाइड नोट छोड़ा है या फिर नहीं। रिद्धि सुथार वर्षों से सोशल मीडिया पर प्रभावशाली थीं। हालांकि, उन्होंने लांभावेल के पास एक बड़ी नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। उनकी कार (जीजे 01 एचजेड 0260) लांभावेल में अहमदाबाद पासिंग सड़क के किनारे मिली है। कार से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। रिद्धि सुथार के आत्महत्या करने के बाद पुलिस मॉडल-अभिनेत्री के मोबाइल फोन की जांच कर रही है।

## विद्यालय में नि :शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**केसरीसिंहपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का बालिकाओं को साईकिल वितरण कार्यक्रम आज विद्यालय में रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष बलविंदर सिंह ग्रेवाल पहुंचे उनके साथ व्यापार मंडल उपाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार जग्गू, पूर्व समिति अध्यक्ष प्रभु सिंह राठौड़, जगजीत सिंह जग्गा गिल उपस्थित रहे प्रधानाचार्य संजीव बाजपेई एवं समस्त शाला स्टाफ ने सभी अतिथियों का स्वागत कर धन्यवाद किया इस मौके पर बलविंदर सिंह ग्रेवाल ने कहा कि विद्यालय द्वारा लगातार समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षा के साथ-साथ सेवा का भी कार्य कर रहा है जिसके लिए हमारे इलाके के आसपास हमारे गांव का नाम भी खूब रोशन हो रहा है आए हुए सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य संजीव बाजपेई द्वारा धन्यवाद किया गया।

# सब्जी मंडी में दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटाए





जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** सब्जी मंडी में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा के निर्देशानुसार सब्जी मंडी में दुकानों के आगे टोकरी रखकर किए गए अतिक्रमण हटाने के लिए सफाई निरीक्षक मनोज कुमार धौल ने सुबह से शाम तक दुकानों के आगे रखे सब्जी टोकरियां जप्त करने की कार्वाई सफाई कर्मचारियों के सहयोग से की गई। इसके अलावा राजकीय चिकित्सालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक पर लगाई गई रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई भी की गई। अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा, ट्रैफिक प्रभारी मूल सिंह शेखावत ने सब्जी मंडी में सब्जी की दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए खुद मौके पर जाकर दुकानदारों को बार-बार चेतावनी देने के बावजूद दुकानदारों द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं करने पर नगर पालिका द्वारा कड़ी कार्यवाही करके सामान जप्त करने की कार्यवाही की गई। अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा ने बताया दुकानदारों ने व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


## टेस्ला कार तोड़ने वालों को जेल भेजेंगे ट्रम्प

**वॉशिंगटन (जनमार्ग न्यूज)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग ऐसा करते हुए पकड़े जाएंगे, उन्हें अल-सल्वाडोर की जेल में भेज दिया जाना चाहिए। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ट्रुथ पर लिखा- मैं उन बीमार आतंकी गुडों को 20 साल की जेल की सजा मिलते हुए देखना चाहता हूं, जो टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शायद उन्हें अल-सल्वाडोर की कुख्यात जेल में सजा दी जाएगी। एक और पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा- हम आपको ढूंढ़ रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि टेस्ला को नुकसान पहुंचाने की कोशिश एक आतंकी काम है, जो 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल हिल (संसद) में हुए घातक दंगे से भी बदतर है।

# मां शीतला के दरबार को फूलों से सजाया

## श्रद्धालुओ ने लगाया बासी भोजन का भोग

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** शीतला अष्टमी के उपलक्ष मेंवार्ड नं. 8 स्थित श्री चौगानण शीतला माता मंदिर पर श्रदालुओं ने बासूड़े पूजन किया और मां शीतला को ठंडे बासी भोजन का प्रसाद चढ़ाया। सुबह 4 बजे से ही बासूड़े पूजने वाले श्रदालुओं का मंदिर में ताँता लगा रहा रहा। शीतला माता मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि ने बताया की हर साल की तरह इस वर्ष भी शीतला अष्टमी के उपलक्ष में शीतला माता के मंदिर को फूलों से सजाया गया है और शीतला अष्टमी के पावन पर्व पर आज शाम को 5.30 बजे श्री चौगानण शीतला माता मंदिर में माता शीतला महिला भजन मंडली व गुरु फते डेरु संघ द्वारा माता शीतला का भजन कीर्तन किया जाएगा और इसके उपरांत 7.15 बजे माता शीतला की महाआरती की जाएगी समिति के अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि ने बताया की बासुड़े पूजन के दौरान समिति के सोनू पाले,मोहन लहोरा,अरुण सोनी, भैरू सारवाण, राजेश खन्ना,शालू पहलवान, ताराचंद डबगोहर, राजेश खन्ना,मोहन, हेतू, संजय सारसर, कर्ण डबगोर, सतीश,सुखपाल,राहुल सारवाण आदि ने व्यवस्था संभाली।



# साधुवाली छावनी में ब्रह्माकुमारीज का स्वशक्तिकरण से राष्ट्र शक्तिकरण अभियान

## ❑ मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए सैन्य जवानों को प्रशिक्षण दिया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ब्रह्माकुमारी संस्था के सुरक्षा और सेवा प्रभा की स्थापना के रजत जयंती वर्ष में आयोजित स्वशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण अभियान के तहत श्री गंगानगर मिलिट्री स्टेशन (साधुवाली छावनी) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारियों जवानों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी राजयोग भवन की प्रभारी बीके मोहिनी दीदी के निर्देशन में जवानों में आंतरिक जागृति के जरिए आध्यात्मिक स्व सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया।



मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जवानों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर गौतम देसाई के मार्गदर्शन में 380 से भी अधिक जवानों, अधिकारियों और उनके परिवारों को स्व सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य,सकारात्मक जीवन शैली तथा जीवन को खुशनुमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में 47 सैन्य ऑफिसर, 18 आर्मी वाइव्स, चार लेक्चरार, 312 ऑफिसर और जेसीओ शामिल हुए।बालोतरा से आईं ब्रह्माकुमारी अस्मिता दीदी ने जवानों को बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य का हर कोई ध्यान रखता है, परन्तु मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मानसिकता ही हमे बीमार करती है।नकारात्म सोच से ही हम क्रोध करते हैं।अपने संबंधों को खराब करते हैं।रिश्ते ही हमारे सच्ची धौरहर हैं।इन्हें संजोकर रखने के लिए एक दूसरे को क्षमा मांगी पड़ेगी ओर एक दो को क्षमा करना पड़ेगा। तभी हम एक खुशहाली वाला जीवन जी पाएंगे। नकारात्मकता शारीरिक एवं मानसिक कमजोर लाती है। व्यक्ति स्वयं के विचारों से सशक्त बन सकता है। सकारात्मक विचार ज्ञान और राजयोग से संभव है। सकारात्मक विचारों से शारीरिक बीमारियों को भी ठीक कर सकते हैं। अपने संबंधों में मधुरता भी ला सकते हैं।पुणे से ब्रह्माकुमार दत्ता भाई ने कई एक्टिविटीज से सकारात्मक की अनुभूति कराई। ब्रह्मकुमारी के स्थानीय सेवा केंद्र की उषा बहन, दिल्ली से आईं प्रियंका बहन, माउंट आबू मुख्यालय से आए ब्रह्माकुमार हेमराज भाई विशेष रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ब्रिगेडियर गौतम देसाई ने कहा कि हम सभी को इस अद्भूत आध्यात्मिक कार्यक्रम से जो ज्ञान तथा अनुभूति प्राप्त हुई है,वह सराहानीय है।यह संस्था नि:स्वार्थ रूप से समाज कल्याण के कार्य में अपना योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें सभी को नियमित रूप से राजयोग का अभ्यास करना चाहिए।इसी से हम सकारात्मक और खुशनुमा जीवन का अनुभव कर पायेंगे। उन्होंने इस शानदार कार्यक्रम के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान का आभार व्यक्त किया।

# एसबीआई आरसेटी में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को एसबीआई आरसेटी में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को वित्तीय जागरूकता प्रदान करना, साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताना और विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरबीआई एजीएम अखिलेश कुमार तिवाड़ी, नाबार्ड एजीएम दयानंद काकोडिया, और एसबीआई एलडीएम राजकुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी निदेशक बिधु शंकर ने की। शिविर में डेयरी और बकरी पालन से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आरबीआई एजीएम अखिलेश कुमार तिवाड़ी ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बैंक कभी भी ग्राहकों से फोन, ईमेल या एसएमएस के माध्यम से ओटीपी, पासवर्ड या पिन नहीं मांगता। उन्होंने नागरिकों को किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने और संदिग्ध कॉल से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन लेन-देन करते समय सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को साइबर धोखाधड़ी का शिकार बनाया जाता है, तो उसे तुरंत बैंक और साइबर सेल को सूचित करना चाहिए ताकि समय रहते धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नाबार्ड के एजीएम दयानंद काकोडिया ने कार्यक्रम के दौरान डेयरी और बकरीपालन प्रशिक्षणार्थियों को कृषि प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी बचत करके वित्तीय स्थिरता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने किसानों और छोटे उद्यमियों को बचत योजनाओं में निवेश करने और बैंकिंग प्रणाली का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहा है, जिससे किसान और पशुपालक अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। एसबीआई एलडीएम राजकुमार ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और स्टैंड अप इंडिया योजना जैसे कई सरकारी कार्यक्रमों के तहत छोटे व्यवसायियों और किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### संगरिया आर.यू.बी.प्रकरण

# पुलिस ने नहीं उठाया आरयूबी के रास्ते से सामान

## कलक्टर को आर.यू.बी. प्रकरण में वांछित कार्यवाही करने तथा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

**संगरिया (जनमार्ग न्यूज)।** आर.यू.बी. निर्माण के सम्बन्ध में स्थाई लोक अदालत हनुमानगढ़ की ओर से प्रकरण उपभोक्ता संरक्षण समिति बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में दिए गए निर्णय दिनांक 16 जून 2022 की पालना हेतु न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश संगरिया सुजीत कुमार तंवर ने 20 मार्च 2025 को सुनवाई की। जिसमें नगरपालिका की ओर से कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी मोनिका बंसल ने उपस्थित होकर लिखित प्रतिवेदन प्रसतुत करते हुए न्यायालय को अवगत करवाया कि उनके द्वारा भार साधक अधिकारी थाना पुलिस संगरिया को आर.यू.बी निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने के लिए वजह सबूत के रूप में जप्त वाहनों को रखने के लिए जगह का आवंटन करते हुए आर.यू.बी. के रास्ते में रखे वजह सबूत वाहन इत्यादि को हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अभी तक उन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अधिशाषी अधिकारी मोनिका बंसल द्वारा न्यायालय को यह भी निवेदन किया गया ि कवह इस सम्बन्ध में पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करें। राज्य सरकार और नगरपालिका की ओर से उपस्थित हुए राजकीय अधिवक्ता गुरलाल मान ने भी इस सम्बन्ध में आ रही बाधाओं से न्यायालय को अवगत करवाया। इस पर उपभोक्ता संरक्षण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय आर्य ने कहा कि उक्त आर.यू.बी निर्माण का उत्तरदायित्व राज्य सरकार व नगरपालिका का है तथा प्रकरण में राज्य सरकार के प्रतिनिधि जिला कलक्टर पक्षकार हैं। अत: न्यायालय द्वारा इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर हनुमानगढ़ को तत्परता से न्यायालय के आदेशों की अनुपालना के लिए निर्देशित किया जावे। इस पर वरिष्ट सिविल न्यायाधीश सुजीत कुमार तंवर ने जिला कलक्टर हनुमानगढ़ को तहरीर जारी कर प्रकरण में वांछित कार्यवाही करने तथा दिनांक 5 अप्रैल 2025 को न्यायालय में आमना प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

# मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पंजाब-हरियाणा की तरह राजस्थान में भी वर्गीकरण आरक्षण की मांग की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वंचित वर्ग आरक्षण उपवर्गीक्बु रण संघर्ष समिति राजस्थान द्वारा निकाली जा रही वंचित वर्ग अधिकार रथ यात्रा शुक्रवार दोपहर श्रीगंगानगर पहुंची। आधस प्रचारक वीर अशोक सुमाली तथा वीर विजय द्राविड़ ने बताया कि इस मौके पर नगर परिषद में आयोजित कार्यक्रम में वंचित वर्ग अधिकार रथ यात्रा का नेतृत्व कर रहे संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार तथा प्रदेश संयोजक अरविंद भील को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात् रैली के रूप में 'जय भीम' तथा 'आरक्षण उप वर्गीकरण लागू करने' के नारे लगाते हुए बड़ी संख्या में वंचित समाज के लोग जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के उपवर्गीकरण के माननीय न्यायालय के निर्णय अनुसार नॉन-क्रिमीलेयर जातियों का वर्गीकरण कर उन्हें तत्काल आरक्षण का लाभ दिलवाने की मांग को लेकर वंचित वर्ग अधिकार रथ यात्रा निकाली जा रही है, जो राजस्थान के विभिन्न जिलों से होते हुए श्रीगंगानगर पहुंची है। वक्ताओं ने पुरजोर शब्दों में राज्य सरकार से मांग की कि राजस्थान में वंचित वर्ग को पंजाब और हरियाणा की तरह वर्गीकृत रूप से आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

समिति प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायाधीशों की पीठ ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन के उपवर्गीकरण का फैसला दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक, प्रशासनिक हर दृष्टिकोण से कमजोर जातियां वर्तमान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन वर्ग में सामाजिक रूप से अत्यधिक पिछड़ी हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग में ऐसी पिछड़ी हुई जातियों को राज्य सरकार के माध्यम से चिन्हित कराया था। उन्होंने मांग की कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में उपजाति वर्ग के सर्वे के लिए राजस्थान सरकार द्वारा एक राज्य स्तरीय कमेटी बनाए। कमेटी की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट को राज्यपाल को सौंपकर उन्हें यथास्थिति से अवगत करवाते हुए राष्ट्रपति से विचार-विमर्श करने का आग्रह कर उपवर्गीकरण के लिए लोक अधिसूचना जारी करवाई जाए।

इस अवसर पर वीर सत्यनारायण नागवंशी, पार्षद वीर बंटी वाल्मीकि, वीर मदन सिरसवाल, धानक सभा अध्यक्ष वीर कश्मीरीलाल इंदौरा, वीर रामगोपाल सारसर, वीर बसंत सारवान, वीर राजीव अछूत, वीर सुरेश दैत्य, वीर विजय द्राविड़, वीर अशोक सुमाली, वीर बिरजू द्राविड़, वीर सुनील दानव, वीर अनिल धारीवाल, वीर सुनील घुस्सर, वीर देव चौहान, वीर अमन भाटिया, वीर मनीष दैत्य, वीर अनिल टाक, वीर राजेश खन्ना, वीर राजवीर चंडालिया, वीर राजेन्द्र सारसर, वीर अभिषेक सारसर, वीर करण बागड़ी आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली-यूपी के 2 साइबर ठग गिरफ्तार

## ❑ युवक को 10 लाख के लोन का ऑफर दिया
## ❑ इंश्योरेंस-जीएसटी के नाम पर हड़पे 3 लाख

जनमार्ग न्यूज

**जींद।** जींद में साइबर थाना पुलिस ने लोन का झांसा देकर तीन लाख 4 हजार रुपए का साइबर फ्रॉड करने वाले दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान दिल्ली के सेक्टर-20 रोहिणी निवासी रोहित और उत्तर प्रदेश के गोंडा के राजपूत मोहल्ला निवासी दीपक चौहान के रूप में हुई है। नरवाना के सुंदर नगर निवासी राजबब्बर ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 28 जनवरी को उसके मोबाइल पर कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा था कि वह बजाज फाइनेंस कंपनी से बोल रहा है। अगर आपको लोन की जरूरत है, तो उसका ऑनलाइन लोन करवा सकते हैं। आरोपी ने 10 लाख रुपए तक के लोन का ऑफर दिया। इस पर उसने लोन की हामी भर ली। आरोपी ने कहा कि इंश्योरेंस करवाना पड़ेगा। इसके लिए उसे 50 हजार रुपए डालने के लिए कहा। उसने 50 हजार रुपए आरोपी के दिए अकाउंट में डाल दिए। इसके बाद आरोपी ने लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस मांगी और 4 फरवरी को 62 हजार रुपए मांगे। बाद में आरोपी ने इंश्योरेंस पॉलिसी अपग्रेड करने के नाम पर, ट्रांजक्शन चार्ज, जीएसटी चार्ज के नाम पर कई बार में 3 लाख 4 हजार रुपए डलवा लिए। आरोपी ने कहा कि ये रुपए बाद में रिफंड हो जाएंगे। बाद में आरोपी ने कॉल उठानी बंद कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और ट्रांजक्शन किए खातों की जांच की। पुलिस ने 17 मार्च को दिल्ली निवासी रोहित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल, सिम कार्ड और 30 हजार रुपए बरामद कर लिए। आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया, तो दूसरे आरोपी दीपक चौहान का नाम सामने आया, जिसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी किए 60 हजार रुपए भी बरामद कर लिए। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।



# झगड़े के दौरान युवक ने निकाली तलवार

**जयपुर (जनमार्ग न्यूज)।** जयपुर में शनिवार दोपहर 12 बजे दो बाइकों की टक्कर के बाद एक पक्ष ने तलवार निकाल ली। इसके बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझाया गया। इसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्ष के लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है। घटना कोतवाली थाना इलाके में दर्जियों का मोहल्ला खजाने वाले की गली की है। स्थानीय दुकानदार हेमंत विजय ने बताया- उनकी दुकान के सामने दो बाइकों की भिड़ंत हुई। बाइक सवार दोनों युवक झगड़ा करने लगे। इसी दौरान एक युवक कुछ दूर गया। फिर तलवार लेकर भागता हुआ आया। इस के बाद माहौल खराब हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# जेतपुर टोल ने घर पर खड़े वाहनों का टोल काटे, जताया विरोध

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जामनगर-अमृतसर नैशनल हाईवे पर स्थित जेतपुर टोल नाके द्वारा बिना टोल नाके से गुजरे ही घर पर खड़े वाहनों का टोल काटे जाने का मामला सामने आया है। इस अनियमितता के खिलाफ शुक्रवार को शहरवासियों ने नैशनल हाईवे कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज करवाया। टोल प्रशासन की इस मनमानी से वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही यह मानसिक तनाव का कारण भी बन रही है।



जिला परिषद डायरेक्टर मनीष मक्कासर ने बताया कि उनकी गाड़ी और सतीपुरा निवासी गुरबक्श सिंह की गाड़ी हनुमानगढ़ में घर पर खड़ी होने के बावजूद जेतपुर टोल नाके के प्रतिनिधियों द्वारा उनके वाहनों का टोल काटा जा रहा है। इससे न केवल उनके बैंक खाते से पैसा कट रहा है, बल्कि इस तरह की लापरवाही अन्य वाहन मालिकों के साथ भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर आमजन की मेहनत की कमाई पर अवैध रूप से किया जा रहा अतिक्रमण है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। माकपा नेता रघुवीर वर्मा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यह सिर्फ हनुमानगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि कोई आपराधिक घटना किसी अन्य स्थान पर होती है और टोल शुल्क का रिकॉर्ड जेतपुर टोल नाके पर दर्ज हो जाता है, तो निर्दोष व्यक्ति को झूठे मामले में फंसाया जा सकता है। इससे आमजन को बेवजह मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि यह टोल प्रबंधन की घोर लापरवाही है और यदि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि टोल प्रशासन ने अपनी व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा, जो उग्र रूप भी ले सकता है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल अन्य वाहन मालिकों ने भी टोल प्रशासन की पारदर्शिता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब वाहन टोल नाके से गुजरा ही नहीं तो फिर टोल कटने का कोई औचित्य नहीं बनता। यह सिस्टम की तकनीकी खामी है या जानबूझकर की जा रही धांधली, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

वाहन मालिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए टोल शुल्क कटने की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी वाहन का टोल कटता है, तो उसके वास्तविक स्थान और नंबर प्लेट की पुष्टि करने के लिए एक मजबूत तकनीकी व्यवस्था होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने नैशनल हाईवे प्राधिकरण को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि टोल प्रबंधन जल्द ही इस अनियमितता को ठीक नहीं करता है तो शहरवासियों को बड़े पैमाने पर आंदोलन करना पड़ेगा। जेतपुर टोल द्वारा की जा रही यह लापरवाही वाहन मालिकों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। इससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह विरोध प्रदर्शन और अधिक उग्र हो सकता है। शहरवासियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेगा और जल्द ही उचित कार्रवाई करेगा। इस मौके पर विकास शर्मा, आमिर खान, मोसिन खान, भोला नेहरा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# हादसे में 4 बच्चों के पिता की मौत

**चरखी दादरी (जनमार्ग न्यूज)।** हरियाणा के चरखी दादरी जिले में नेशनल हाईवे 152 डी पर एक कार ट्रक से टकरा गई। जिससे कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका भांजा घायल हो गया। मृतक की पहचान राजस्थान के जयपुर जिला निवासी करीब 60 वर्षीय भैरूलाल के रूप में हुई है जो हिमाचल प्रदेश से घर लौट रहा था। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के जयपुर जिले के चलावरिया की ढाणी गांव कोदर निवासी राजकुमार ने बताया कि बीती रात को वह जयपुर जिले के सारंग का बास कालवाड निवासी अपने मामा भैरूलाल पुनिया के साथ मामा की गाड़ी स्विफ्ट कार में बदी हिमाचल से अपने घर जा रहे थे। नेशनल हाईवे 152 डी पर खेरड़ी मोड़ से दादरी की ओर वह गाडी को हाईवे पर बीच वाली लाईन में चला रहा था। इसी लाइन में उसे आगे ट्रक चल रहा था। जिसका ड्राइवर तेज रफ्तार व लापरवाही से ट्रक को चला रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने अचानक से ब्रेक लगा दिए जिसके कारण गाडी ट्रक के पीछे घुस गई। जिससे उसके मामा व उसे चोटें आई। उसके मामा का ज्यादा चोट लगे होने के कारण वहां पर हाईवे की एम्बुलेंस द्वारा चरखी दादरी के सिविल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर उसे मृत घोषित कर दिया।

# राजस्थान में 25 मार्च से बदलेगा मौसम

## ❑ पश्चिमी हवा चलने से बढ़ने लगेगी गर्मी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर और उत्तरी हवा चलने से तापमान सामान्य हो गया है। शुक्रवार को लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, सभी शहरों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 24 मार्च तक लोगों को गर्मी से राहत रहेगी और 25 मार्च से हवा की दिशा बदल सकती है। इसके साथ ही पश्चिमी हवा का असर बढ़ेगा और तापमान बढ़ने के साथ गर्मी तेज होने लगेगी। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा और अधिकांश शहरों में धूप रही। उत्तर-पश्चिम राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू के एरिया में देर शाम हल्की ठंडी हवा चली। इससे पहले दिन में इन शहरों में धूप रही। कल दिन में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जालोर में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 35.2, जोधपुर में 35.4, बीकानेर में 35.3, चूरू में 33.9, श्रीगंगानगर में 33.8, उदयपुर में 32.6, चित्तौड़गढ़ में 36, कोटा में 34.4 और अजमेर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में शुक्रवार शाम को मामूली ठंड रही। दिनभर आसमान साफ रहा और हल्की हवा चली। दिन में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और रात का न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर के आसपास के जिले सीकर, दौसा में भी कल सुबह-शाम हल्की ठंडक रही। सीकर में दिन का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर मौसम विज्ञान केन्द्र ने राजस्थान में अगले तीन दिन उत्तर-पूर्वी हवा के असर से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव होने की और आसमान साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान 33 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो सकता है। 25-26 मार्च से राजस्थान में हवा पश्चिमी दिशा से आने लगेगी। एंटी साइक्लोन सिस्टम बनने की संभावना है। इसके कारण तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने हो सकती है।



# धरती की ओर आ रहा ताजमहल से दोगुने आकार का एस्टेरॉयड: नासा

## नासा ने किस बात की दी चेतावनी?

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने विशाल एस्टेरॉयड यानी क्षुद्रग्रह 2014 टीएन 17 को लेकर चेतावनी जारी की है, जो पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। यह क्षुद्रग्रह आने वाले दिनों में हमारे ग्रह के करीब से गुजरने वाला है। हालांकि धरती से इसकी दूरी पर्याप्त है, फिर भी नासा ने इसे संभावित खतरनाक क्षुद्रग्रह के रूप में वर्गीकृत किया गया है। 540 फीट (165 मीटर) चौड़ाई वाला क्षुद्रग्रह 2014 टीएन 17, ताजमहल के आकार का लगभग दोगुना है। नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह विशाल अंतरिक्ष चट्टान 77,282 किमी/घंटा की आश्चर्यजनक गति से पृथ्वी की ओर आ रही है। आकार और गति को देखते हुए नासा द्वारा इस पर कड़ी नजर रखी गई है। इन क्षुद्रग्रहों को उनके बड़े आकार और पृथ्वी से निकटता के कारण भविष्य के लिए संभावित खतरा माना जाता है। विशेषज्ञों ने आश्वस्त किया है कि यह क्षुद्रग्रह धरती से नहीं टकराएगा, लेकिन यह अंतरिक्ष में छिपे संभावित खतरों की याद दिलाता है। क्षुद्रग्रह 2014 टीएन 17, 26 मार्च, 2025 को शाम 5:04 बजे आईएसटी पर पृथ्वी के सबसे करीब होगा। हालांकि क्षुद्रग्रह पृथ्वी से लगभग 50 लाख किलोमीटर की सुरक्षित दूरी से गुजरेगा। यह पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 13 गुना है। सुरक्षित दूरी के बावजूद इसे एक खतरनाक क्षुद्रग्रह के रूप में इसके वर्गीकरण का मतलब है कि वैज्ञानिक इस पर कड़ी नजर रख रहे हैं। 2014 टीएन 17 जैसे अपोलो क्षुद्रग्रहों की कक्षाएं पृथ्वी के पथ को पार करती हैं। जबकि उनमें से अधिकांश बिना किसी घटना के गुजरते हैं। अगर कोई 540 फुट चौड़ा एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकराता, तो इसका प्रभाव सुनामी, भूकंप और वायुमंडलीय बदलाव ला सकता था। यही वजह है कि वैज्ञानिक लगातार इन खगोलीय पिंडों पर रिसर्च कर रहे हैं, ताकि समय रहते किसी भी खतरे से निपटा जा सके।



# बसपा के जिला सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत करने के सूत्र बताए

**श्रीगंगानगर।** बहुजन समाज पार्टी, श्रीगंगानगर का जिला सम्मेलन पंचायती धर्मशाला में आयोजित किया गया, जिसमें जिले की सभी छह विधानसभाओं से जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, जिला प्रभारी, विधानसभाओं के पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर बसपा सुप्रीमो बहन मायावती को राष्ट्रीय राजनीति में और मजबूती प्रदान करने के लिए समर्पित भाव से एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष प्रिंसिपल भजन सिंह घारू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश बसपा प्रभारी व केंद्रीय कॉर्डिनेटर सीपी सिंह तथा विशेष अतिथि प्रदेशाध्यक्ष प्रेम बारूपाल व बीकानेर संभाग प्रभारी प्रेम नायक थे एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रिंसिपल भजन सिंह घारु ने की। मंच संचालन जिला प्रभारी देवकरण नायक द्वारा किया गया। सर्वप्रथम भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी.आर अंबेडकर तथा मान्यवर कांशीरामजी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय कोऑर्डिनेटर व प्रदेश प्रभारी सी.पी. सिंह ने बसपा सुप्रीमो बहन मायावती द्वारा हाल ही में जारी की गई पार्टी गाइडलाइन को सभी के साथ साझा किया तथा एक तय कार्यक्रम अनुसार पार्टी को मजबूत करने की नसीहत दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत करने के सूत्र बताए तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रदेशाध्यक्ष प्रेम बारूपाल ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं के पास समय है तथा बसपा सुप्रीमो के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं, वह ही पार्टी के पदाधिकारी बने अन्यथा कमेटी का नुकसान भी हो सकता है। संभाग इंचार्ज प्रदेश महासचिव प्रेम नायक ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता आज से ही संगठन को मजबूत प्रदान करने के लिए जुट जाएं।

जिला सम्मेलन को जिले की सभी 6 विधानसभाओं के जिला प्रभारी देवकरण नायक, महेंद्र सिंह भादू, डॉ. राज मेहरा, रामलाल भाटीवाला, मामराज नायक, डॉ. जसवंत सिंह मद्दू, महिला विंग जिलाध्यक्ष जसप्रीत कौर, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि कड़ेला, जिला प्रभारी मनोज जाटव, जिला उपाध्यक्ष परमानंद सेन, जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुशवाहा, जिला सचिव हरबंस टुडेरिया, सूरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चेतन राम कलवा, गंगानगर विधानसभा अध्यक्ष सुरेश लुनीवाल, उपाध्यक्ष हीरालाल, रामगोपाल सारसर, सा. शहर विधानसभा अध्यक्ष कमलेश शीला, सुनीता देवी, मंजू वर्मा, निशा, भीम आर्मी श्रीगंगानगर से रवि मेघवाल, कृष्ण जाटव, मनोज जाटव, एडवोकेट रमेश लोटिया, सोहनलाल, अशोक कुमार आदि ने भी संगठन हित में अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता बलदेव सिंह, दलविंदर सिंह, रणजीत सिंह, नरेंद्र कुमार, कुलदीप, सुभाष चंद्र, कृष्णलाल, जगसीर, दौलत राम, विजय, मोहनलाल, मनीराम, लालचंद, हनुमान पाटिल, भंवरलाल मेघवाल, विनोद कुमार, प्रेम कुमार, सन्नी चौधरी, लवप्रीत मेहरा, जसवंत राम फुल्का मनीराम नायक, धनाराम, इंद्राज खान, गुरुचरण सिंह, डॉ. वीरेंद्र सिंह आदिवाल, संदीप, गुरविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में जिलेभर से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा कार्यों के अंकेक्षण के एवज में की गई राशि की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मनरेगा कार्य सामाजिक अंकेक्षण के लिए सामाजिक अंकेक्षण दल 19 मार्च को ग्राम पंचायत में नरेगा के कार्यों का अंकेक्षण करने हेतु पहुंचा। ग्राम पंचायत धोलीपाल के सरपंच ने बताया कि अंकेक्षण दल द्वारा ग्राम पंचायत की छवि धूमिल की गई है। उन्होंने बताया कि 19 मार्च को सामाजिक अंकेक्षण मनरेगा की ग्राम सभा का आयोजन किया जाना था परंतु कोरम के अभाव में ग्राम सभा स्थापित कर दी गई। जिसकी सूचना पूर्व में भी विकास अधिकारी पंचायत समिति हनुमानगढ़ को दी गई है। अंकेक्षण दल द्वारा सरपंच ग्राम पंचायत से संपूर्ण खर्च का एक प्रतिशत राशि की मांग की गई थी । सरपंच द्वारा राशि देने से मना करने पर अंकेक्षण दल द्वारा ग्राम पंचायत की छवि धूमिल करते हुए गबन के आरोप लगाकर स्थानीय समाचार पत्रिका में प्रकाशन करवाया गया है जबकि इस कार्य हेतु ग्रामसभा का आयोजन नहीं किया गया है । सरपंच ने बताया कि खबर मैं लगाए गए आरोप झूठे व मिथ्या है। जिससे ग्राम पंचायत की छवि धूमिल हुई है। इसलिए उक्त बीआरपी बाबूराम के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत धौलीपाल में पुनः सामाजिक अंकेक्षण करवाया जावे।

# अनुसूचित जाति और जनजातियों के उपवर्गीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** वंचित वर्ग आरक्षण उपवर्गीकरण संघर्ष समिति राजस्थान ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के नॉन-क्रिमीलेयर उपजातियों को आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने की मांग को लेकर प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार व अर्जुन विमल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। समिति ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 अगस्त 2024 को दिए गए ऐतिहासिक निर्णय का हवाला देते हुए उपवर्गीकरण की प्रक्रिया को शीघ्र लागू करने की अपील की।

ज्ञापन में प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार ने बताया कि न्यायालय की सात न्यायाधीशों की पीठ ने 6-1 के बहुमत से एससी और एसटी वर्ग के भीतर उपवर्गीकरण को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया है। इस निर्णय के अनुसार, उन जातियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से अत्यधिक पिछड़ी हैं। समिति ने विशेष रूप से वाल्मीकी, मेहतर, सांसी, कंजर, नट, ढोली, बाजीगर, सपेरा, मदारी, कालबेलिया, बावरी, भांड, धानक, कामड़ जैसी जातियों का उल्लेख किया, जिनके हालात आज भी अत्यंत दयनीय हैं।

संघर्ष समिति सदस्य अर्जुन विमल ने राज्य सरकार से मांग की कि एक राज्य स्तरीय कमेटी का गठन किया जाए, जिसमें संविधान और कानून में पारंगत अधिवक्ता, समाजशास्त्री, शिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ शामिल हों। यह कमेटी 90 दिनों के भीतर व्यापक सर्वेक्षण कर उन उपजातियों की पहचान करे, जो नॉन-क्रिमीलेयर श्रेणी में आती हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण का उचित लाभ सुनिश्चित किया जाए।



# सीटू के शिष्टमंडल ने महामंत्री से की मुलाकात

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र (सीटू) जिला कमेटी श्रीगंगानगर का एक शिष्टमण्डल प्रदेश महामंत्री का. वी.एस. राणा के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक से मिला व राजियासर पुलिस स्टेशन के कार्मिकों ओमप्रकाश थानेदार, राजपाल, मुकेश कुमार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने की माँग का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि श्री सीमेंट बांगड़ फैक्ट्री के ठेकेदार श्याम सिंह व सीमेंट फैक्ट्री के मजदूरों के मध्य इस बात को लेकर विवाद हो गया कि सीमेंट फैक्ट्री के प्रबंधक ठेकेदार के माध्यम से सीमेंट फैक्ट्री की पुरानी यूनिट में उत्पादन करवाना चाहते थे यह यूनिट नियम अनुसार कानूनी रूप से बंद है इसमें पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी हुईं है। मजदूर उस फैक्ट्री में काम नहीं करना चाहते थे प्रबंधक व ठेकेदार जबरदस्ती बिना किसी सुरक्षा गारंटी के अवैध रूप से उत्पादन करना चाहते थे। इस विवाद के चलते प्रबंधकों ने पुलिस को बुला लिया तथा मजदूर नेताओं को वार्ता के बहाने पुलिस थाने ले गए तथा वहां उनके साथ में मारपीट की गई। का. वी.एस. राणा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मिलकर उक्त घटना की जानकारी देते हुए राजियासर पुलिस थाने के दोषी अधिकारी और पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की तथा इस बात को लेकर रोष व्यक्त किया कि पुलिस की कार्यवाही अमानवीय है श्रमिक नेताओं के साथ मारपीट करना गैरकानूनी भी है। उन्होंने कहा कि थानेदार ओम प्रकाश और दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो सीटू से जुड़े मजदूर संगठनों को विवश होकर पूरे जिले में आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा।

# शीतला सप्तमी पर बासी भोजन का भोग लगाकर प्रसाद वितरण



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** शीतला सप्तमी पर शीतला माता मंदिरों में पूजा-अर्चना करके ठंडे बासी भोजन का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। प्राचीन ढांब के पास रियासत काल से स्थापित शीतला माता मंदिर में सुबह 4:00 बजे मंदिर के पुजारी लक्ष्मण राम आसेरी ने शीतला सप्तमी के उत्सव पर विधिवत रूप से विशेष पूजा अर्चना की। शीतला सप्तमी पर सुबह मंदिर खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, परिवार की सुख समृद्धि, रोग से मुक्ति, बच्चों के स्वस्थ और लंबी आयु की कामना को लेकर महिलाओं, पुरुष और बच्चों ने शीतला माता की पूजा करके राबड़ी, हलवा, मीठे चावल, पुड़ी, सब्जी, ठंडे बासी भोजन का भोग लगाकर घरों में ठंडा बासी भोजन ग्रहण किया। ब्राह्मण धर्मशाला के पास शीतला माता मंदिर, सैनी धर्मशाला के पास बाबा रामदेव मंदिर में स्थित शीतला माता मंदिर, आदर्श कॉलोनी शीतला माता मंदिर सहित सभी शीतला माता मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करके बासी भोजन का भोग लगाया।

# बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड में सीबीआई जांच की मांग, बाजार बंद

जनमार्ग न्यूज

**अजमेर।** ब्यावर जिले के बिजयनगर में रेप- ब्लैकमेल कांड को लेकर पिछले 36 दिन से विरोध जारी है। शनिवार को भी इसी मामले में सर्व हिंदू समाज संघर्ष समिति की ओर से बिजयनगर बंद किया गया। हिन्दू संगठनों की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की जा रही है। ऐसे में शहर में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। इधर, अजमेर रेंज छ्ढ्ढत्र ने स्ढ्ढञ्ज जांच के लिए इंचार्ज बदल दिया है। अब आईपीएस अभिषेक अंदासु को मामले की जांच की कमान दी गई है। सीओ सज्जन सिंह और थाना प्रभारी करण सिंह लगातार मामले में मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बता दें कि मामले में अब तक 16 को पकड़ा जा चुका है। जिनमें से 5 नाबालिग हैं। मामले को लेकर शनिवार को बिजयनगर व्यापारियों ने बाजार बंद रखे। इससे पहले हिंदू संघर्ष समिति के सदस्यों ने शहर में रैली निकाल कर बाजार को बंद करवाया। इसके साथ ही मांग राखी कि पूरे मामले की जांच सीबीआई से करवाई जाए। अजमेर रेंज डीआईजी ओम प्रकाश ने मामले की जांच एसआईटी के प्रभारी के रूप में आईपीएस अधिकारी अभिषेक अंदासु को सौंपी है। अभिषेक आईटी बॉम्बे से पास आउट हैं और साइबर मामलों के स्पेशलिस्ट माने जाते हैं। इससे पहले एसआईटी का इंचार्ज एडिशनल एसपी अभय कमांड नेम सिंह को बनाया गया था।

# भीष्म कौशिक बने श्री नीलकंठ महादेव सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जंक्शन के सेक्टर 9 में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और श्री शिव कल्याण भूमि और उत्तराखंड के नीलकंठ धाम में हनुमानगढ़ धर्मशाला का संचालन करने वाली संस्था श्री नीलकंठ महादेव सेवा ट्रस्ट (प्रन्यास) की बैठक गुरुवार शाम को ट्रस्ट अध्यक्ष श्री अश्विनी नारंग की अध्यक्षता में हुई । बैठक में सर्वसम्मति से सामाजिक कार्यकर्ता और गौ सेवा के श्री भीष्म कौशिक को नए ट्रस्टी के रूप में ट्रस्ट में शामिल किया गया। संस्थापक अश्विनी नारंग ने भीष्म कौशिक को पद की गरिमा व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

ट्रस्ट अध्यक्ष अश्वनी नारंग ने कहा कि श्री भीष्म कौशिक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। उनके पिता जी स्वर्गीय श्री बृज नारायण जी कौशिक भी श्री नीलकंठ महादेव सेवा ट्रस्ट से जुड़े हुए थे। श्री बृज नारायण जी कौशिक के देहावसान के बाद श्री भीष्म कौशिक निरंतर श्री काशी विश्वनाथ महादेव सेवा मंदिर और श्री शिव कल्याण भूमि में तन, मन, धन से सहयोग दे रहे हैं। ऐसे में श्री भीष्म कौशिक के समर्पण और सेवा भाव के मुद्दे नजर उन्हें श्री नीलकंठ महादेव सेवा ट्रस्ट में ट्रस्टी बनाया गया है। श्री नीलकंठ महादेव सेवा ट्रस्ट की सहयोगी संस्था श्री नीलकंठ सेवा समिति (उप समिति) की सदस्य संख्या में भी विस्तार किया गया है। इसमें हनुमानगढ़ टाउन निवासी श्री कृष्ण गेदर को नया सदस्य बनाया गया है। उप समिति श्री नीलकंठ सेवा समिति के अध्यक्ष श्री राजकुमार नागपाल ने बताया कि श्री कृष्ण गेदर तन मन धन से समिति से जुड़े हुए थे । ऐसे में उन्हें विधिवत सदस्यता ग्रहण करवाई गई। ट्रस्ट अध्यक्ष श्री अश्विनी नारंग और उप समिति अध्यक्ष श्री राजकुमार नागपाल एवं उपस्थित सदस्यों ने श्री भीष्म कौशिक और श्री कृष्ण गेदर का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



# अवेयरनेस अभियान में थानाधिकारी ने दी जानकारी



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एफ ब्लॉक श्रीगंगानगर में 16 से 30 मार्च 2025 तक अवेयरनेस अभियान के तहत थाना प्रभारी कोतवाली से पृथ्वी पाल सिंह ने स्कूल की बच्चियों को पोक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच, साइबर क्राइम आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इसी के साथ सुरक्षा सखी पार्षद चेष्टा सरदाना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने भी बच्चियों को निर्भीक होकर अपने उद्देश्य को देखें। कहीं भी आपको कोई दिक्कत आती है, तो 1090 पर कॉल कर सकती हैं आपकी जानकारी बिल्कुल गोपनीय रहेगी।इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य लाजवंती, जगराम हेड कांस्टेबल, सुनीता कांस्टेबल और सुरक्षा सखी प्रभजीत कौर तथा स्कूल का स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** शहरवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर जंक्शन करणी चौक के पास श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बलराम यादव के घर के निकट किया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी जा रही है। कथा का आयोजन समिति के सदस्य पंडित विजय शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना करना है। शुक्रवार को कथा के दौरान कथावाचक पंडित अजय कृष्णा शास्त्री वृंदावन ने माता सती की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता सती का जीवन हमें अटूट भक्ति और समर्पण की प्रेरणा देता है। इसके साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का भी विस्तृत वर्णन किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं और उनके अलौकिक कार्यों का वर्णन किया गया, जिससे भक्तगण भाव-विभोर हो गए। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चल रहा है। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और भक्तिमय वातावरण में कथा का आनंद ले रहे हैं। समिति के अनुसार, यह कथा पूरे सात दिनों तक चलेगी और इसके समापन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

## गजब पाकिस्तान! क्वेटा अस्पताल से ट्रेन हाइजैक करने वाले विद्रोहियों के शव लेकर भागे प्रदर्शनकारी

जनमार्ग न्यूज




**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा के सिविल अस्पताल में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घुस गए और कई शवों को अपने साथ लेकर भाग गए। माना जा रहा है कि ये शव बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों के हैं, जिन्होंने हाल ही में बोलन में जाफर एक्सप्रेस यात्री ट्रेन पर हमला किया था।सिविल अस्पताल के बाहर यह प्रदर्शन विवादास्पद बलूच अधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच के नेतृत्व वाले संगठन बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने किया था।

प्रदर्शन में लापता व्यक्तियों के परिवार के सदस्य अधिकारियों से शवों की पहचान करने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारी जबरन मुर्दाघर में घुसने में सफल रहे और कम से कम पांच शवों को अपने साथ ले गए। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि लापता व्यक्तियों के रिश्तेदारों ने शवों को लेने से पहले उनकी पहचान की या नहीं।

**पाकिस्तान सरकार ने घटना की पुष्टि की:** स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वे शव जाफर एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन के हमलावरों के थे और प्रतिबंधित बीएलए उग्रवादी समूह से संबंधित थे। प्रांतीय सरकार के एक अधिकारी ने कहा, च्जो लाशें ले जाई गईं, वे उन च्आतंकवादियोंज् की अज्ञात लाशें थीं, जो जाफर एक्सप्रेस पर हमले के बाद सैन्य अभियान में मारे गए थे।ज् इन रिपोर्टों की पुष्टि बीवाईसी कार्यकर्ताओं ने भी की, जिन्होंने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी अस्पताल के मुर्दाघर से कई शव अपने साथ ले गए। उन्होंने दावा किया कि लापता व्यक्तियों के परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने के लिए अस्पताल में इक्ट्ठा हुए थे।

**बलूच प्रदर्शनकारियों ने क्या बताया:** बीवाईसी के एक सदस्य ने कहा, च्हम लापता लोगों के परिवार के सदस्यों को यह विश्वास दिलाने के लिए दो दिनों से शवगृह तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे कि वहां रखे शव उनके प्रियजनों के नहीं हैं।ज् पुलिस अधिकारियों ने क्वेटा के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की, जिसमें कम से कम तीन शव बरामद हुए। सूत्रों के अनुसार, सरियाब रोड और सचिवालय चौक में छापेमारी की गई और कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया।

**महरंग बलूच की जांच कर रहा पाकिस्तान:** सूत्रों ने बताया कि बलूचिस्तान में लापता लोगों के मुद्दे का इस्तेमाल कर देश के सैन्य प्रतिष्ठान और सरकारी नीतियों को निशाना बनाने के मामले में बीवाईसी और उसके प्रमुख महरंग बलूच की भूमिका की जांच की जा रही है। इन पर बीएलए के साथ गठबंधन करने का आरोप है।

## तीन विद्यार्थियों का आईआईटी जेम में हुआ चयन



जनमार्ग न्यूज

**गोलूवाला।** सिहागान स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 3 पूर्व विद्यार्थियों का आईआईटी जेम में चयन हुआ है।प्रधानाचार्य मनोहरलाल बिस्सू ने बताया कि रुचि पुत्री रामस्वरूप निवासी 2 टिकेडब्ल्यू, नेहा पुत्री गौरी शंकर खोथावाली व मनोज कुमार पुत्र श्याम सुंदर निवासी गोलूवाला ने आईआईटी जेम परीक्षा उत्तीर्ण की है ।बिस्सू ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर होता है जिसके पश्चात आईआईटी से पोस्ट ग्रेज्युट कोर्सेस में प्रवेश मिलता है। रुचि व नेहा ने केंद्रीय विश्वविद्यालय गढ़वाल से बीएससी तथा मनोज कुमार ने गवर्नमेंट कॉलेज श्रीगंगानगर से बीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की है। उक्त सभी बच्चे ग्रामीण परिवेश में रहने वाले किसान परिवारों से जुड़े हुए हैं ।विद्यार्थियों की लगातार मेहनत को विद्यालय ने तराश कर इस मुकाम पर पहुंचाया है । उल्लेखनीय है कि पीएमश्री विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को भारत के उच्च स्तरीय संस्थानों में प्रवेश हेतु मार्गदर्शन दिया जाता है । विद्यालय के शिक्षक विक्रम बिश्नोई द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय व आईआईटी जैसी उच्च संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन भरना , कोर्स चयन के लिए मार्गदर्शन,ऑनलाइन काउंसिलिंग व परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु विशेष कक्षाएं संचालित करना आदि कार्य किये जाते है।ज्ञातव्य है कि विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी महावीर प्रसाद अमेरिका से पीएचडी, राहुल छीप्पा बीएचयू से पीएचडी बलजिंद्र सिंह वनस्थली विद्यापीठ से पीएचडी,अनिल जांगू बीएचयू से एमएससी, प्रवीण बीएचयू से एमएससी, अभिमन्यु आईआईटी मद्रास व खुशप्रीत बीएचयू से उच्च अध्ययन कर रहे है।

## राजकीय विद्यालय में म्युजिक सिस्टम, पंखे व दरिया भेंट



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बेहतरीन सेवा कार्यो के लिए अग्रणीय लायंस क्लब उमंग कपल द्वारा सेवा के पथ पर एक कदम और बढाते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चक 4 ई छोटी मे गोद लिए हुए विद्यालय मे विनोद पाहवा के सहयोग से म्युजिक सिस्टम, लायन गौरव गुप्ता, योगेश मक्कड़ के सहयोग से चार पंखे व लायन राज कुमार बाघला के सहयोग से दो दरिया भेंट की गई। क्लब परिवार ने मुख्य अतिथि प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा विशिष्ट अतिथि स्पेशल एज्युकयुटीव आफिसर पीएमजेएफ नरेंद्र चागींया, रीजन चेयरमैन एमजेएफ लायन नरेन्द्र भठेजा, डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर एमजेएफ लायन ओ पी मगंल की उपस्थिति मे विद्यालय स्टाफ को यह सामग्री प्रदान की। इससे पूर्व विधायक प्रधानाध्यापिका कोमल चराया ने स्वागत उद्बोधन दिया व पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। उल्लेखनीय है की क्लब सदस्यौ ने पुर्व मे भी इस विधालय मे जर्सी वितरण, जूते- जुराब, स्कूल ड्रेस आदि वितरित किए है। व छात्र-छात्राओ को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए सम्पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट क्लास रूम तैयार करके दिया है। रीजन बांके बिहारी के अन्तर्गत लायंस क्लब उमंग कपल परिवार द्वारा किये जा रहे सेवाभावी व सामाजिक कार्यो के भुरी - भुरी प्रसंशा की एवं साधुवाद प्रदान कर अपनी शुभकामनाऐ दी। इस अवसर पर पुर्व अध्यक्ष नवल बतरा, सचिव साहिल भाटीया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। विद्यालय स्टाफ ने क्लब सदस्यो का आभार व्यक्त किया।



## राजकीय वृद्धाश्रम में करवाए प्राणायाम

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गांव ख्यालीवाला स्थित राजकीय वृद्धाश्रम शकुंतला सदन में महिला पतंजलि योग समिति की ओर से इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे के उपलक्ष्य में योग शिविर लगाया गया। इसमें वृद्धाश्रम में रह रहे पूज्य श्री को विभिन्न योगासन करवाए गए। योग समिति की प्रदेश संवाद प्रभारी पूजा नागपाल के अनुसार पूज्य श्री को हाथों और पैरों के सूक्ष्म व्यायाम करवाए गए, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, हास्यासन, तालीवादन आदि का अभ्यास करवाया गया। प्रदेश संवाद प्रभारी नागपाल ने योग का महत्व भी बताया। उन्होंने योग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग को दिनचर्या में शामिल करके हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस मौके पर महिला पतंजलि योग समिति की जिला संवाद समिति प्रभारी सुषमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुसुम पुंशी, सदस्य कोमल रतवाया, शिल्पा छाबड़ा, नीतू, शकुंतला सदन के नरेंद्र मुंजराल सहित कई लोग मौजूद थे।

## वार्षिक उत्सव व कक्षा कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम का समापन

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिर रावतसर का गत दिवस वार्षिक उत्सव व कक्षा कक्षों का लोकार्पण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें जिसमें विद्या भारती के राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री शिवप्रसाद जी भाईसाहब का मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम में हंस त्रिवेणी सेवा आश्रम के राघवानंद जी महाराज, ब्रह्म कुमारी आश्रम से बहन नीलिमा , विद्या भारती के महेन्द्र दुबे, मदन बिश्नोई, पूर्व विधायक द्रोपदी मेघवाल, धर्मेन्द्र मोची, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह सुडा, तहसील अध्यक्ष शिवप्रसाद शर्मा , नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी रैगर, जाट लोकसेवक समिति के जयलाल भारी, विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश मकड़, जाट कन्या छात्रावास के अध्यक्ष आसाराम टांडी, भामाशाह समाजसेवी ताराचन्द बिहाणी, शीशपाल कस्वां, भीमसिंह शेखावत , भामाशाह , समाजसेवी विमल कुमार चांडक, सुरेन्द्र,मोहित चाचाण, महेन्द्र अग्रवाल, भाजपा के पूर्व मिडिया प्रभारी 2 उद्योग प्रकोष्ठ प्रमुख मुरलीधर सोनी, समिति संरक्षक बुधराम सीगड़, अध्यक्ष हरदत्त कस्वा, जिला सहव्यवस्था प्रमुख सहित समाज के गणमान्य जनों ने भाग लेकर बच्चों को आशीर्वाद दिया।



## जल चेतना की जागृति लाने से जल संचय एवं जल संरक्षण की भावना का प्रसार होगा

**सृष्टि** के पंच भौतिक तत्वों में जल का सर्वाधिक महत्व है और यही जीवन का भौतिक आधार है जल जीवन संरक्षण का मूल तत्व होने के कारण कहा गया है कि ''जल ही जीवन है'' या ''जल ही अमृत'' है इस धरती पर सभी प्रकार के प्राणियों तथा पेड़-पौधे वनस्पतियों का जीवन जल के कारण सुरक्षित है अतएव धरती पर जल संरक्षण के महत्व को मानकर संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन् 1992 में विश्व जल दिवस को 22 मार्च को मनाने की घोषणा की जिसका उद्देश्य सभी को शुद्ध व स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना व जल संरक्षण के महत्व को जानना है। जल दिवस प्रति वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। वर्तमान की भौतिकवादी संस्कृति, नगरीकरण, औद्योगीकरण आदि के कारण जल का अनावश्यक दोहन किया जा रहा है जिससे जल का संकट पैदा हो रहा है हमारे देश में भू-जल पीने योग्य पानी का मुख्य स्रोत माना जाता है। भू-जल दोहन में कुल सिंचित क्षेत्र में लगभग 65 प्रतिशत और ग्रामीण पेयजल आपूर्ति में लगभग 85 प्रतिशत योगदान देता है पूरे विश्व में भारत देश भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है भू-जल के लगातार दोहन के कारण भारत देश में जल स्तर प्रति वर्ष 0.3 मीटर की दर से कम हो रहा है इसलिए भू-जल संरक्षण की आवश्यकता महत्त्वपूर्ण हो गई है।

हमारी प्राचीन संस्कृति में जल वर्षण उचित समय पर चाहने के लिए इन्द्र देवता व वरुण देवता का वर्षा के लिए पूजन किया जाता था। इसी प्रकार हिमालय के साथ गंगा, यमुना, सरस्वती आदि नदियों का स्तवन किया जाता था जिसके फलस्वरूप धरती पर जल संकट नहीं था। प्राचीन समय के राजा एवं समाजसेवी पेयजल हेतु कुओं, तालाबों तथा जल संचय के महत्व को जानते थे वर्तमान में जल का विदोहन होने से पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। भू-जल संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं, अभियान व सरकारी नीतियाँ शामिल हैं। जल संकट की चुनौतियों से निपटने हेतु तीन राष्ट्रीय जल नीति घोषित की गई है। जिसमें वर्ष 1987, वर्ष 2002 तथा वर्ष 2012 की राष्ट्रीय जल नीति है इन नीतियों में जल को एक प्राकृतिक संसाधन मानते हुए इसे जीवन, जीविका, खाद्य सुरक्षा ओर निरंतर विकास का आधार माना गया है तथा जल के उपयोग और आवण्टन में समानता तथा सामाजिक न्याय का नियम अपनाये जाने पर बल दिया गया है। इसी प्रकार भू-जल संरक्षण हेतु भू-जल बोर्ड राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण निगरानी स्टेशनों के नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में जल स्तर और गुणवत्ता की निगरानी करता है। वर्ष 2019 में भू-जल संरक्षण के संदर्भ में केन्द्र सरकार ने दो महत्वाकांक्षी अटल भू-जल योजना तथा जल शक्ति अभियान प्रारम्भ किए हैं।




अटल भू-योजना-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 दिसम्बर 2019 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 95वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली में अटल भू-जल योजना की शुरुआत की। जल समस्या से निपटने के लिए अटल-भू जल योजना पर 5 वर्ष (2020-21 से 2024-25) में 6000 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा जिसमें से 3000 करोड़ रुपये विश्व बैंक तथा 3000 करोड़ रुपये भारत सरकार देगी। इस योजना से सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश व राजस्थान राज्यों को लाभ मिलेगा। अटल भू-जल योजना से किसानों को खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में जल भण्डारण में मदद मिलेगी, जिससे किसानों की आय दोगुनी होगी।

इस योजना से देश के जिन क्षेत्रों में भू-जल का स्तर काफी नीचा चला गया है उस स्तर को ऊँचा उठाने में मदद मिलेगी। अटल भू-जल योजना के तहत सात राज्यों के 8350 गाँवों में प्रत्येक ग्रामीण परिवार में वर्ष 2024 तक घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश में जल संकट की स्थिति को देखते हुए भारत सरकार के 01 जुलाई 2019 को जल सुरक्षा के लिए जल शक्ति अभियान योजना की शुरुआत की है जिसमें अन्य घटकों के अतिरिक्त भू-जल संरक्षण एक महत्वपूर्ण घटक है जल शक्ति अभियान के प्रमुख उद्देश्य निम्न हैं- इसका मुख्य उद्देश्य परिसंपत्ति सृजन और संचार अभियानों के द्वारा जल संरक्षण और सिंचाई कार्य दक्षता संवर्धन को एक जन अभियान का स्वरूप प्रदान करना है। इसके अन्तर्गत वर्षा जल संचयन, जल-निकायों को पुनर्जीवन प्रदान करने बोरवेल रिचार्ज संरचनाओं तथा ढांचों को पुन: नवीनीकरण करना शामिल है।

विश्व जल दिवस पर हर वर्ष एक थीम निर्धारित किया जाता है। वर्ष 2021 का थीम ''पानी को महत्व देना'' था। वर्ष 2022 का थीम ''भू-जल उद्देश्य को दृश्यमान बनाना या गायब होते हुए भू-जल को पुन: बहाल करना था। वर्ष 2023 का थीम - ''परिवर्तन में तेजी'' अनुसार जल की कमी को दूर करने के लिए तेज गति से बदलाव करने होंगे।

विश्व जल दिवस वर्ष 2024 की थीम 'शांति के लिए जल का लाभ' पर केन्द्रित थी तथा इस वर्ष 2025 में विश्व जल दिवस की विषय 'ग्लेशियर सरंक्षण' पर केंद्रित है। इस थीम के तहत विश्व जल दिवस पर विभिन्न राष्ट्रों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें।

इस प्रकार विभिन्न योजनाओं तथा अभियानों द्वारा जल संकट पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए हमें अपनी जीवन शैली में भी सुधार लाने की आवश्यकता है अर्थात हम अपनी आवश्यकतानुसार कम से कम जल का उपयोग करें तथा जल की खपत कम करके हम जल संरक्षण में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जल दिवस पर हम सभी देशवासियों को चिन्तन करना आवश्यक है कि आज हम बंद बोतलों में पानी पी रहे हैं यदि पानी को इसी प्रकार बर्बाद करते रहे तो हमारी आने वाली पीढ़ी को कैप्सूल में पानी न खरीदना पड़े अत: ''जल है तो कल है'' के नारे तथा ''पानी की सुनो पुकार मत बहाओ इसे बेकार'' के साथ जल चेतना की जागृति लाने से जल संचय एवं जल संरक्षण की भावना का प्रसार होगा तथा इससे धरती का जीवन सुरक्षित रहेगा।


संकलनकर्ता
**मनीराम सेतिया**
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
109-एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर
मो.नं. 98871-22040


## वृक्ष मित्र एवं मानव सेवा संस्थान के हरित रथ का लोकार्पण



जनमार्ग न्यूज

**गोलूवाला।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित वृक्ष मित्र एवं मानव सेवा संस्थान को व्यापार मंडल द्वारा भेंट किए गए च्हरित रथज् का लोकार्पण किरयाना एसोसिएशन भवन में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र सुथार ने की।व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश ढाका और पूर्व अध्यक्ष भीम निवाद की उपस्थिति में च्हरित रथज् का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रेम कुमार वर्मा ने पिछले दो वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।मदन ठाकुर ने संस्था द्वारा किए गए पौधारोपण और अन्य पर्यावरणीय प्रयासों की जानकारी दी साथ ही भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की।संस्थान अध्यक्ष ने नरेन्द्र सुथार ने बताया कि संस्थान को नर्सरी से पौधे लाने और साइट पर अन्य सामान पहुंचाने के लिए एक वाहन की आवश्यकता थी।इस बारे में तत्कालीन व्यापार मंडल अध्यक्ष भीम निवाद को अवगत करवाया तो व्यापार मंडल द्वारा दो लाख रुपये की सहयोग राशि से च्हरित रथज् उपलब्ध कराया गया। संस्थान द्वारा विश्व गौरैया दिवस पर पक्षी सरंक्षण हेतु घोंसला व परिंडा अभियान का आगाज आये हुए अतिथियों द्वारा किया गया। संस्थान द्वारा कस्बा वासियों से ट्री गार्ड का सहयोग करने की तथा पक्षियों के संरक्षण के लिए घोंसला व परिंडा अभियान से जनसामान्य से जोड़ने की अपील की गई।कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं एंव लोगों ने संस्थान द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।इस दौरान ग्रामवासियों व व्यापार मंडल का आभार प्रकट करते हुए वृक्ष मित्र एवं मानव सेवा संस्थान ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति इसी प्रकार भविष्य में निरंतर सहयोग जारी रखने की बात रखी।संस्थान ने व्यापार मंडल को सहयोग हेतु स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# आरटीई एडमिशन के लिए शिड्यूल जारी

**● 25 मार्च से करना होगा ऑनलाइन आवेदन, अगस्त तक पूरी होगी प्रक्रिया**

**जनमार्ग न्यूज।**

**बीकानेर।** शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रदेश के प्राइवेट स्कूल में फ्री पढ़ने के लिए अभिभावकों को 25 मार्च से ऑनलाइन आवेदन करना प?ेगा। शिक्षा विभाग ने आरटीई सीट्स पर एडमिशन के लिए शिड्यूल जारी कर दिया है। नौ अप्रैल को आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स की लॉटरी जारी हो जाएगी और इसके बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाना होगा। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक ने शनिवार को जारी शिड्यूल में बताया है कि प्रदेश के सभी प्राइवेट स्कूल्स को 24 मार्च तक अपनी प्रोफाइल अपडेट करनी होगी। इसके बाद 25 मार्च से सात अप्रैल तक अभिभावक अपने बच्चों को एडमिशन दिलाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ये



काम किसी भी ई-मित्र की सहायता से या फिर अपने स्तर पर अभिभावक कर सकेंगे। नौ अप्रैल को एनआईसी की ओर से लॉटरी जारी की जाएगी। नौ से पंद्रह अप्रैल के बीच अभिभावकों को संबंधित स्कूल में अपने डॉक्यूमेंट जमा करवाने होंगे। अगर वो चाहे तो इसी अवधि में विद्यालय चयन के क्रम को बदलवा भी सकता है। इसके बाद नौ अप्रैल से 21 अप्रैल तक प्राइवेट स्कूल आवेदन पत्रों के साथ उपलब्ध कराए गए, कागजात की छानबीन करेंगे। 22 अप्रैल को एनआईसी इन सभी आवेदनों को ऑटो वेरिफाई करेगा। अभिभावक की ओर से पूर्व में दिए गए दस्तावेजों में भी नौ अप्रैल से 24 अप्रैल तक परिवर्तन और सुधार करवाया जा सकता है। 28 अप्रैल तक संबंधित प्राइवेट स्कूल सभी आवेदन पत्रों की फिर से जांच करेंगे। पांच मई तक सीबीईओ उन आवेदन पत्रों की जांच कर सकेंगे, जिन्हें स्कूल ने रिजेक्ट कर दिया है। आवेदन करने के बाद नौ मई को संबंधित स्कूल में उपलब्ध सीट्स के आधार पर चयन की पहली लिस्ट एनआईसी की ओर से जारी की जाएगी। इसके बाद दूसरी लिस्ट 16 जुलाई से पांच अगस्त तक किया जाएगा। 31 अगस्त तक सभी विद्यार्थियों का एडमिशन हो जाएगा।

# स्वास्तिक ब्लड बैंक में इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में जवाहरनगर थाना इलाके में गगन पथ पर सियाग नर्सिंग होम के साथ स्थित स्वास्तिक ब्लड सेंटर बैंक में आज दोपहर लगभग 3.30 बजे आग लग गई। दमकल विभाग के अनुसार सूचना मिलने पर फायर कर्मी मोहित भुंवाल, विक्रम और भागसिंह एक फायर टेंडर लेकर चंद मिनट में मौके पर पहुंच गए। फायर कर्मियों ने ब्लड बैंक,नर्सिंग होम तथा आसपास के लोगों की मदद से लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग ने बताया कि ब्लड बैंक की साइड वाली गैलरी में बाहर की तरफ लगे इलेक्ट्रिक पैनल,मीटर और बाहरी वायरिंग में आग लगी हुई थी, जिस पर फौरन काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि आज ब्लड बैंक के



अंदरूनी भाग में नहीं फैली। साइड गैलरी में फाइबर शैड होने के कारण आग बड़ी तेजी से फैली और धुएं के ऊंचे ऊंचे गुब्बार दिखाई दिए। फाइबर शैड भी जल गया। ब्लड बैंक के अंदरूनी हिस्सों का बचाव हो गया लेकिन साइड गैलरी में लगे इलेक्ट्रिक पैनल, मीटर, वायरिंग तथा शैड के जल जाने से लाखों का नुकसान हो गया। ब्लड बैंक के संचालक रविंद्र जैन ने बताया कि उन्होंने बाकायदा सेंसर वाला ऑटोमेटिक फायर फाइटिंग सिस्टम भी लगाया हुआ है।

## बाइक नीलगाय से टकराया, युवक की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र के गांव सरदारगढ़ के समीप मोटरसाइकिल के अचानक सामने आए नीलगाय से टकराने से एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि चक 9-एसजेएम निवासी मांगीलाल जाट (30) कल शुक्रवार सुबह मोटरसाइकिल पर अपने गांव से निकटवर्ती गांव सरदारगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने के लिए जा रहा था। जब वह सरदारगढ़ गांव के नजदीक पहुंचा, तभी अचानक नीलगाय सामने आ गई, जिससे बाइक टकरा गया। वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसे लोगों ने सूरतगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया तो मृत्यु हो चुकी थी।

# अधेड़ और युवक अवैध हैरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार

**● बस में लावारिस बैग में मिला अवैध डोडा पोस्त**

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में भादरा पुलिस ने एक अधेड़ और एक युवक को अवैध हैरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वही हनुमानगढ़ जंक्शन में अड्डे के समीप एक बस में अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया कि भादरा थाना में सब इंस्पेक्टर वीरचंद की टीम ने भूपसिंह खाती (55) निवासी वार्ड नंबर 25 और बलवानसिंह राजपूत (38) निवासी वार्ड नंबर 26 को 7.82 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया।इस मामले में भादरा



निवासी दो अन्य व्यक्तियों शीतल अग्रवाल तथा भालसिंह को नामजद किया गया है। मामले की जांच थाना प्रभारी सीआई भूपसिंह खुद कर रहे हैं। उधर, हनुमानगढ़ जंक्शन में बस अड्डा के समीप पुलिस ने एक बस में लावारिस मिला बैग जब्त किया,जिसमें अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ था। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र द्वारा दी गई रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच थाना प्रभारी सुभाष कच्छावा कर रहे हैं।

## अज्ञात बाइक की टक्कर लगने से युवक घायल

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर सूरतगढ़ रोड नेशनल हाईवे 62 पर चूनावढ थाना क्षेत्र के गांव नेतेवाला के अड्डे के पास सड़क पार करते हुए एक युवक मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से घायल हो गया।पुलिस के मुताबिक घायल हुए रामनाथ को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वह गांव नेतेवाला के समीप एक ईंट भट्टे पर काम करता है। रामनाथ द्वारा दिए गए बयान के आधार पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा परसों गुरुवार शाम को हुआ। टक्कर मार कर फरार हुए मोटरसाइकिल चालक का पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

# प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में कार्यरत युवती का यौन शोषण

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी थाना में करीब 28 वर्षीय एक विवाहित युवती ने श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर तहसील क्षेत्र निवासी एक युवक पर अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर लगभग तीन वर्ष तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया है।पुलिस के अनुसार पीड़िता द्वारा दी गई रिपोर्ट पर आरोपी युवक राजेंद्र निवासी लालबाई तहसील सादुलशहर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी जांच थाना प्रभारी सीआई हंसराज लूणा खुद कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया है कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी राजेंद्र से जान पहचान हुई थी। राजेंद्र ने उसे एक फाइनेंस कंपनी में 6000 रुपए मासिक वेतन पर काम दिलाया। वह फाइनेंस कंपनी में काम करने लगी। राजेंद्र ने 30 जून 2021 को कंपनी के काम से हनुमानगढ़ टाउन में बस अड्डा के समीप बुलाया। वहां से वह उसे एक होटल में ले गया और कोई नशीली वस्तु खिलाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।उसका अश्लील वीडियो बना लिया और फोटो खींच लिए। फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह तब से इसका लगातार यौन शोषण कर रहा है। पुलिस के अनुसार पीडता ने आरोप लगाया है कि एक बार उसने होटल में ले जाने पर शारीरिक संबंध बनाने से इनकार किया तो राजेंद्र ने उसे करंट के झटके लगाएं।

# बैंक लूट का प्रयास करने वाले युवक को 7 वर्ष की सजा

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में जवाहरनगर थाना क्षेत्र में मीरा मार्ग पर इंदिरा वाटिका के नजदीक स्थित राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक में 15 अक्टूबर 2022 की शाम लगभग 4 बजे चाकू की नोक पर लूटपाट का प्रयास करने के आरोपी युवक को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (संख्या 02) के न्यायाधीश ने 7 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 6000 रुपए का जुर्माना लगाया है। घटना के अनुसार 15 अक्टूबर 2022 की शाम लगभग 4 बजे कपड़े से चेहरा ढक कर स्थानीय दावड़ा कॉलोनी निवासी लविश उर्फ टिशू (32) राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक में आया। उसके पास एक बैग था,जिसे उसने बैंक में प्रवेश करते समय गेट के बाहर रख दिया। अंदर जाकर पहले उसने हालात का जायजा लिया। फिर वह बाहर गया तथा कुछ देर बाद वापस आया तो उसके हाथ में लंबे फल वाला चाकू था, जिसे दिखाकर उसने बैंक में लूटपाट करने का प्रयास किया। वह चाकू सहित शाखा प्रबंधक पूनम गुप्ता के कक्ष में चला गया। जहां पहले से कुछ कस्टमर बैठे थे। लविश ने एक कुख्यात गैंगस्टर का नाम लेकर धमकाना शुरू कर दिया। शाखा प्रबंधक ने हिम्मत दिखाते हुए एक कैंची लेकर लविश के सामने हो गई, जिस पर वह घबराकर भाग गया। बैंक का एक कर्मचारी प्रदीप पकडने के लिए उसके पीछे दौड़ा। बाहर खड़ी बिना नंबरी स्कूटी पर लविश भागने लगा तो प्रदीप ने पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान प्रदीप के हाथ पर चाकू लग गया और घायल हो गया। लविश को मौके पर ही पकड़ लिया गया।घटना की सूचना मिलते ही नजदीक कहीं मीरा चौक पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर रामविलास बिश्नोई तत्काल मौके पर पहुंचे। लविश को काबू कर लिया गया। शाखा प्रबंधक पूनम गुप्ता की रिपोर्ट पर लविश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। अदालत में उसे बैंक लूट का प्रयास करने तथा अवैध रूप से चाकू रखने का दोषी करार देते हुए 7 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई और 6000 रूपए का जुर्माना लगाया।

## मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग ने दी जान

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक 17 वर्षीय नाबालिग ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है।



श्रीकरणपुर थानाधिकारी रामप्रताप वर्मा ने बताया की मृतका की पहचान रूपनगर निवासी मनीषा के रूप में हुई है। घटना के समय उसका परिवार पास के खेत में सरसों की कटाई कर रहा था। घटनास्थल गजसिंहपुर मार्ग स्थित राधास्वामी सत्संग घर के सामने है। किशोरी ने सूरतगढ़-श्रीगंगानगर ट्रेन (54760) के आगे छलांग लगा दी। पुलिस ने बताया की परिजनों के अनुसार, मनीषा मानसिक रूप से कमजोर थी। घटना की सूचना मिलते ही श्रीकरणपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

# सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल प्लांट में मालगाड़ी सीआईएसएफ के पेट्रोलिंग वाहन से टकराई

**● सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर समेत चार जवान बाल बाल बचे**

**श्रीगंगानगर।** राजियासर थाना क्षेत्र में सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट में कोयला ले जा रही मालगाड़ी प्लांट की सुरक्षा के लिए तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक पेट्रोलिंग बोलेरो गाड़ी से टकरा गई गाड़ी में सीआईएसएफ के एक सब इंस्पेक्टर तथा तीन जवान सवार थे, जो बाल बाल बच गए।बोलेरो का काफी नुकसान हो गया। यह हादसा शुक्रवार देर शाम को प्लांट परिसर में एक मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग पर हुआ। उस समय मालगाड़ी कोयला लेकर प्लांट की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पेट्रोलिंग कर रहे सीआईएसएफ के जवानों की गाड़ी



मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पार करने लगी तो गाड़ी का इंजन उससे टकरा गया। उस समय गाड़ी की रफ्तार कम थी।अन्यथा जानी नुकसान भी हो सकता था। हादसे की सूचना मिलने पर स्टेशन यार्ड में हूटर बजाया गया, जिसके बाद सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन से एक्सिडेंट रिलीफ ट्रेन मौके पर भेजी गई। थर्मल में तैनात सीआईएसएफ के आला अधिकारी व जवान भी घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक कोयले से भरी एक मालगाड़ी थर्मल परियोजना में जा रही थी, कि इसी दौरान प्लांट में बने मानव रहित एक रेलवे क्रासिंग पर सीआईएसएफ की बोलेरो गाड़ी क्रॉसिंग करने के दौरान मालगाड़ी के इंजिन से टकरा गयी।

## कीटनाशक दवा का सेवन करने से मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाना क्षेत्र में एक युवक की कीटनाशक दवा का सेवन कर लेने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि गांव इंदरगढ़ निवासी कोमलसिंह मजहबी सिख (23) ने 13 मार्च को किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। परिवार वालों ने उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया।हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। उसे बीकानेर के पीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी परसों गुरुवार को मृत्यु हो गई।उसके एक परिवारजन नाजमसिंह मजबी सिख (28) निवासी इंदरगढ़ द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई। मामले की जांच एएसआई गुरबचनसिंह कर रहे हैं।

# हुमायरा को वापस पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ

**● पूछताछ में खुफिया एजेंसियों को कुछ भी संदिग्ध प्रतीत नहीं हुआ ● - वापस भेजने का लिया गया फैसला**

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हुमायरा को वापस पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संयुक्त जांच एजेंसियों (जेआईसी) द्वारा पूछताछ पूरी होने के बाद यह फैसला लिया गया। सरकार स्वीकृति मिलने पर उसे जल्दी ही बॉर्डर पर ले जाकर पाकिस्तान के लिए पुशबैक किया जाएगा। विगत 17 मार्च की सुबह 5 बजे हमायरा ने श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर में बॉर्डर पार कर भारत में प्रवेश किया था। अनूपगढ़ सैक्टर की विजेता पोस्ट पर उसे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कब पड़ा जब वह जीरो लाइन को पार कर लगभग 100 मीटर अंदर तारबंदी के नजदीक आ गई थी। चार दिन की पूछताछ के बाद खुफिया एजेंसियों को उसमें कुछ संदिग्ध नजर नहीं आया। माना जा रहा है कि उसने घरेलू हिंसा से परेशान होकर बॉर्डर पार करने का साहस किया। पूछताछ के दौरान हमायरा ने बताया कि वह घरेलू हिंसा से परेशान होकर भारत आई है। वह घरेलू कर्म के साथ-साथ बलूचिस्तान के अशांति पूर्ण माहौल की वजह से भी खुद को वहां सुरक्षित महसूस करती थी। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक इन दोनों कर्म से परेशान होकर वह कुछ अरसा पहले अपने पीहर कराची में आकर रहने लगी थी, जहां उसके बहन भाई रहते हैं।कराची निवासी हमायरा की शादी बलूचिस्तान निवासी वसीम से हुई थी, जो एक दुकान चलाते



हैं। वसीम की कारोबार बलूचिस्तान के अलावा ओमान की राजधानी मस्कट में है।वह मस्कट में भी रही है।उसके पासपोर्ट पर मस्कट की मोहर लगे होने का पता चला है। हमायरा मुताबिक, पति और ससुराल वालों ने उसका जीवन दूभर कर दिया था। हमायरा की दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र 3 और 4 साल है।हमायरा ने बताया कि वह अरब देशों में शरण लेना चाहती थी, लेकिन उसके पति ने उसे वीजा के लिए जरूरी दस्तावेज नहीं दिए। इसके बाद उसने भारत आने का फैसला किया। उसके पिता असगर और मां गुल बीबी का निधन हो चुका है। कराची में मायके में रहने के दौरान उसने इंटरनेट पर भारत आने के तरीके तलाशे। कराची से बहावलपुर पहुंचने के बाद वह रात में पैदल सीमा तक आई और पास की एक मजार पर रात बिताई। सुबह होते ही उसने भारतीय सीमा में प्रवेश कर लिया, जहां उसे बीएसएफ ने पकड़ा। पकड़े जाने पर उसने बीएसएफ से कहा कि- 'उसे अब वापस पाकिस्तान नहीं जाना है।हमायरा ने भारतीय सीमा में प्रवेश करते ही बीएसएफ के जवानों से पाकिस्तान वापस न भेजने की गुहार लगाई। उसने कहा कि वह अब अपने देश लौटकर नहीं जाना चाहती। सीमा पर ठंड में ठिठुरती हमायरा को बीएसएफ ने कंबल देकर राहत पहुंचाई। हालांकि, संयुक्त जांच एजेंसियों ने पूछताछ के बाद हमायरा को पाकिस्तान वापस भेजने का निर्णय लिया है।

# पत्नी के कथित अवैध संबंधों से दुखी होकर आत्महत्या

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** जिले के नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में एक युवक ने पत्नी के कथित अवैध संबंध के चलते कीटनाशक दवा का सेवन कर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक चक 1-जीडी पुरानी मंडी घड़साना निवासी मदनलाल कुम्हार (36) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कृष्णलाल कुम्हार निवासी चक 3- केएचएम और कौशल्या निवासी चक 2-एमएलडी(ए) के विरुद्ध उसके भाई विनोद को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस विनोद के परिवार वालों ने बताया कि वह मार्बल घिसाई का काम करता था। वह परसों गुरुवार सुबह रोजाना की तरह अपने काम पर गया था। फिर वापस नहीं आया। वह देर रात तक वापस नहीं आया तो परिवार वाले उसकी तलाश करने लगे।कल शुक्रवार को विनोद की लाश चक 10-जीडी में मेन रोड से लगभग 500 मीटर दूर एक नर्सरी में पड़ी मिली। पास में कीटनाशक दवा की शीशी, उसकी मोटरसाइकिल व कुछ अन्य वस्तुएं पड़ी थीं। पता चलने पर उसके परिवारजन तथा पुलिस मौके पर पहुंची। परिवार वाले उसी समय ही विनोद की हत्या किए जाने का शक जाहिर करने लगे। इस पर श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) को घटनास्थल की गहन जांच पड़ताल तथा वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने के लिए रवाना किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर अपनी कार्यवाही मुकम्मल की। इस बीच विनोद के परिवार वाले मांग करने लगे कि जब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता वे पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692